

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 2 अप्रैल 2024 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-004 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 3 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## मुठभेड़ में 9 नक्सली ढेर स्वचलित हथियार बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़

**बीजापुर,2 अप्रैल.** लोकसभा चुनाव के बीच लगतार नक्सलियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है. इस बीच आज फिर बीजापुर के गंगालूर इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ है. इस मुठभेड़ में 9 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है. वहीं जवानों ने नक्सलियों के शव के साथ इंसास, एलएमजी जैसे अत्याधुनिक हथियार भी बरामद किया है. इस मुठभेड़ की पुष्टि आईजी पी सुंदरराज ने की है.पुलिस के अनुसार यह मुठभेड़ सुबह क़रीब 6 बजे लेंड्रा के जंगल में तब हुई जबकि डीआरजी,एसटीएफ़,कोबरा और सीआरपीएफ़ की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकलीं थीं। मिली जानकारी के अनुसार, 1 अप्रैल की रात बीजापुर जिला के गंगालूर थाना क्षेत्र में डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी. वहीं आज यानी 2 अप्रैल की सुबह लगभग 06.00 बजे ग्राम लेंड्रा के जंगल में पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई. मुठभेड़ में 8 माओवादी का शव और 01 एलएमजी आटोमेटिक हथियार, ,बीजीएल लॉचर्स और भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद के साथ दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किये गए हैं.

## 24 घंटे निगरानी में सीएम केजरीवाल

**नई दिल्ली,2 अप्रैल.** दिल्ली की राउज एवन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 14 दिन के न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. कोर्ट के आदेश के बाद भारी सुरक्षा के बीच उन्हें तिहाड़ जेल ले जाया गया. जहां उन्हें जेल की बैरेक नंबर-2 में रखा गया है. केजरीवाल की निगरानी के लिए 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाएगी. इस बीच केजरीवाल की तरफ से उनसे मिलने वालों की लिस्ट जेल प्रशासन को सौंपी गई है. अरविंद केजरीवाल ने छह लोगों की लिस्ट जेल प्रशासन को दी है. इनमें उनके परिवार के तीन सदस्य बेटा-बेटी और पत्नी का नाम शामिल है. जबकि तीन करीबी दोस्तों के नाम दिए गए हैं. जेल नियमों के मुताबिक केजरीवाल मिलने वालों के 10 नाम बता सकते हैं.

# बीएड पास सहायक शिक्षकों की नियुक्तियां रद्द

### डीएलएड पास अभ्यर्थियों की पुनरीक्षित चयन सूची बनाने हाईकोर्ट के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़



**रायपुर 2 अप्रैल ।** बीएड पास शिक्षक अभ्यर्थियों को बड़ा झटका लगा है। प्राथमिक शिक्षक के तौर बीएड पास अभ्यर्थियों की दावेदारी खत्म हो गयी। बिलासपुर हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए बीएड उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों की नियुक्ति को निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि प्राथमिक शिक्षकों के लिए केवल डीएलएड पास अभ्यर्थी ही मान्य होंगे। कोर्ट ने ये भी निर्देश दिया है कि वैसे बीएड उत्तीर्ण सहायक शिक्षक, जिनकी ज्वाइनिंग हो चुकी है, उनकी नियुक्ति निरस्त करते हुए 6 सप्ताह में केवल डीएलएड पास अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जाये। कोर्ट ने डीएलएड अभ्यर्थियों को शामिल कर पुनरीक्षित चयन सूची बनाने के निर्देश दिए हैं.

न्यायालय ने प्राथमिक शिक्षकों के लिए डीएलएड को ही मान्य करते हुए, बीएड को अमान्य किया हैं. राज्य शासन ने दिनाँक 4 मई 2023 को सहायक शिक्षकों की भर्ती विज्ञापन जारी किया था. जिसके तहत डीएलएड के साथ बीएड योग्यताधारी को भी सहायक शिक्षक की भर्ती के लिए आवेदन का योग्य माना था। डीएलएड उत्तीर्ण शिक्षकों ने सेवा भर्ती नियम और विज्ञापन को इस आधार पर चुनौती दी कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय अनुसार प्राथमिक शिक्षकों के लिए बीएड अमान्य हैं. सहायक शिक्षकों के लिए सिर्फ डीएलएड ही मान्य हैं . सुनवाई पाश्चात्य उच्च न्यायालय ने बीएड अभ्यर्थी की काउंसिलिंग पर पर रोक लगा दी . जिसे अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी . जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के निर्णय पर रोक लगाते हुए बीएड शिक्षकों को भी अंतरिम रूप से नियुक्ति देने का निर्देश दिया, लेकिन उनकी नियुक्ति को हाईकोर्ट में लंबित प्रकरण के अंतिम निर्णय के अधीन रखा था। दिनांक 29 फरवरी 2024 को प्रकरण में अंतिम सुनवाई हुई, जिसके बाद हाईकोर्ट ने प्रकरण निर्णय के लिए सुरक्षित कर लिया. आज 2 अप्रैल 2024 को निर्णय सुनाया गया, जिसमें बीएड योग्यताधारी को अपात्र मानते हुए उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी गयी है। साथ ही 6 हफ्ते में डीएलएड योग्यताधारी की पुनरीक्षित चयन सूची बनाने का निर्देश दिया. याचिकाकर्ता की और से अधिवक्ता मिनाक्षी अरोरा, अनुराग दयाल, अजय श्रीवास्तव, इशान वर्मा ने पक्ष रखा.

## 2 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा,2 अप्रैल.** जिला दंतेवाडा में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छत्तीसगढ़ शासन की ''पुनर्वास नीति'' के प्रचार-प्रसार एवं दन्तेवाड़ा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''लोन वर्राटू'' (घर वापस आईये अभियान) से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण,अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर मलांगेर एरिया कमेटी के प्रतिबंधित नक्सली संगठन में नीलावाया पंचायत मिलिशिया सदस्य गंगा मड़काम पिता हड़मा मड़कामी उम्र लगभग 38 वर्ष जाति माड़िया निवासी सुकमा नीलावाया थाना गादीरास जिला सुकमा एवं नीलावाया पंचायत सीएनएम सदस्य आयतु मड़काम पिता जोगा मड़काम उम्र 20 वर्ष जाति माड़िया निवासी नीलावाया मल्लापारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा ने दिनांक 02 अप्रैल को डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया।आत्मसमर्पण कराने में सीआरपीएफ़ 111 वाहिनी और थाना अरनपुर की विशेष भूमिका रही।पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा द्वारा आत्मसमर्पित माओवादियों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रूपये प्रोत्साहन राषि एवं पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार का लाभ प्रदाय कराया जायेगा।लोन वर्राटू अभियान के तहत् अब तक 174 ईनामी माओवादी सहित कुल 688 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।



# मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआः मोदी



**नैनीताल,2 अप्रैल.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नैनीताल-उधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के केंद्र में, उत्तराखंड के रुद्रपुर में एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि मैं जब भी उत्तराखंड की पवित्र धरती पर आता हूं, खुद को बहुत धन्य महसूस करता हूं। इसलिए मेरे दिल की गहराई से एक बात निकली थी- देवभूमि के ध्यान से ही मैं सदा धन्य हो जाता हूं, है भाग्य मेरा सौभाग्य मेरा, मैं तुमको शीश नवाता हूं। रुद्रपुर में उत्तराखंड के विकास और राज्य को लाभ पहुंचाने वाली विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बात करते हुए पीएम मोदी कहते हैं, ÷नीयत सही तो नतीजे भी सही।÷ पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में उत्तराखंड में अभूतपूर्व विकास हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी ने भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने की गारंटी दी है। तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत का मतलब है- लोगों की कमाई बढ़ेगी। नौकरी के अवसर बढ़ेंगे। गांव-शहर में सुविधा बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हमने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक योजना शुरू की है - 'नमो ड्रोन दीदी'। इस योजना के तहत हमारी बहनों और बेटियों को ड्रोन पायलट बनने में मदद करने के लिए लाखों रुपये के ड्रोन दिए जा रहे हैं, इससे हमारी उत्तराखंड की बेटियों और बहनों को भी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी ने उत्तराखंड के घर-घर में सुविधा पहुंचाई है, लोगों का स्वाभिमान बढ़ाया है। अब तीसरे टर्म में आपका ये बेटा एक और बड़ा काम करने जा रहा है। आपको 24 घंटे बिजली मिले, बिजली का बिल जीरो हो और बिजली से कमाई भी हो। इसके लिए मोदी ने 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' शुरू की है। उन्होंने कहा कि मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है, मोदी मेहनत करने के लिए पैदा हुआ है। मोदी आपके लिए मेहनत करने के लिए पैदा हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 साल में जो विकास हुआ, वो तो सिर्फ ट्रेलर है। अभी तो बहुत कुछ करना है। अभी तो हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है। तब तक न रुकना है, न थकना है। उन्होंने राहुल गांधी पर वार करते हुए कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार के शहजादे ने ऐलान किया है, अगर देश ने तीसरी बार मोदी सरकार को चुना तो आग लग जाएगी। 60 साल तक देश पर राज करने वाले 10 साल सत्ता से बाहर क्या रह गए, अब देश में आग लगाने की बात कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि इमरजेंसी की मानसिकता वाली कांग्रेस का भरोसा अब लोकतंत्र पर नहीं बचा है। इसलिए अब वह जनादेश के विरुद्ध लोगों को भड़काने में जुट गई है। कांग्रेस, भारत को अस्थिरता की तरफले जाना चाहती है, अराजकता में झोंकना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, तुष्टिकरण के दल-दल में ऐसा धंस गई है कि कभी देशहित का नहीं सोच सकती। यही कांग्रेस है जो घुसपैठियों को बढ़ावा देती है। लेकिन जब भाजपा ष्ट के माध्यम से मां भारती में आस्था रखने वालों को भारत की नागरिकता देती है, तो कांग्रेस को सबसे ज्यादा तकलीफहोती है।

## ईडी एलायंस भ्रष्टाचार करने वाले लोगों का जमावड़ाः नड्डा

**जबलपुर,2 अप्रैल.** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। उस दौरान उन्होंने कहा कि मैं भाजपा के एक कार्यकर्ता के नाते आपसे अपील करने आया हूं कि आप भाजपा को केवल अपना समर्थन ही नहीं, बल्कि अपनी योग्यता का पूरा उपयोग करते हुए समाज के अधिक से अधिक लोगों का आशीर्वाद भाजपा को दिलाएं। उन्होंने कहा कि पहले जातिवाद से प्रभावित राजनीति होती थी। उसके साथ साथ परिवारवाद और तुष्टिकरण एवं वोटबैंक की राजनीति होती थी। लेकिन आज हम कह सकते हैं कि मोदी जी ने परिवारवाद, जातिवाद, तुष्टिकरण को समाप्त किया है और विकासवाद को आगे बढ़ाया है।

नड्डा ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने राजनीति की परिभाषा को बदल दिया है।

## 5 को जारी होगा कांग्रेस का घोषणा पत्र

**नई दिल्ली,2 अप्रैल.** कांग्रेस 5 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी करेगी और इसके अगले दिन हैदराबाद और जयपुर में जनसभाएं आयोजित करेगी. इनमें पार्टी के शीर्ष बड़े नेता शामिल होंगे. कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी दी. जयपुर में आयोजित घोषणापत्र संबंधी रैली को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा संबोधित करेंगी. हैदराबाद में घोषणा पत्र संबंधी जनसभा को राहुल गांधी संबोधित करेंगे. वेणुगोपाल ने एक्स पर पोस्ट किया, कि 'देश भर के लोगों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद कांग्रेस 5 अप्रैल को एआईसीसी मुख्यालय में अपना दृष्टिपत्र, घोषणापत्र जारी करेगी. इसके बाद, हम छह अप्रैल को जयपुर और हैदराबाद में दो विशाल रैलियां आयोजित करेंगे.' उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान हमेशा देश को एक कल्याणोन्मुख, विकास समर्थक दृष्टिकोण देने पर रहा है और इस चुनाव में भी इसे लोगों के सामने पेश किया जाएगा. कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के 5 न्याय - 'हिस्सेदारी न्याय', 'किसान न्याय', 'नारी न्याय', 'श्रमिक न्याय' और 'युवा न्याय'- पर आधारित होगा.

## तीन नाबालिग सगी बहनों से दुष्कर्म

**जशपुर,2 अप्रैल.** पत्थलगांव थानाक्षेत्र के पास तीन नाबालिग बालिकाओं से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। कुल चार आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया है जिसमें दो आरोपी बालिग है, जबकि दो नाबालिग है। पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पत्थलगांव क्षेत्र के रहने वाली तीन नाबालिक बालिकाओं में दो सगी बहन समेत एक अन्य को आरोपियों ने अर्टिगा कार में बैठाकर किलकिला मंदिर ले गए, जहां से कापु होते हुए मैनपाट घूमने चले गए, रास्ते में आरोपियों ने कोल्डड्रिंक में शराब मिलाकर सभी को पिला दी और मैनपाट के जंगल में तीनों लड़कियों को बेहोशी की हालत में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। दुष्कर्म करने के बाद बदहवास हालत में तीनों बालिकाओं को पत्थलगांव लाकर बस स्टैंड में छोड़ दिया गया, जहां तीन में से एक बालिका ने अपने परिचित लड़के को फोन करके पूरे घटना की जानकारी देते हुए उसे मदद के लिए बुलाया, लेकिन जैसे ही वह लड़का पत्थलगांव पहुंचा, उसने तीनों नाबालिक लड़की में से अपने परिचित की लड़की को ले जाकर पत्थलगांव के जशपुर रॉड स्थित मिलन लॉज में दुष्कर्म किया।

# भूपेश बघेल ने दाखिल किया नामांकन



■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव,2 अप्रैल.** छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने नामांकन दाखिल किया. इस दौरान कलेक्ट्रेट में भूपेश बघेल के साथ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, विधायक भोलाराम साहू आदि उपस्थित रहे. इस सीट पर भूपेश बघेल का मुकाबला भाजपा सांसद सतोष पाण्डेय से है. राजनांदगांव सीट पर मतदान दूसरे चरण में 26 अप्रैल को होगा. बता दें कि दूसरे चरण के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल है. डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि भूपेश बघेल ने जो काम हर वर्ग के लिए किया उसका लाभ मिलेगा. राजनांदगांव में प्रचंड मत से भूपेश बघेल की जीत होगी. भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझे प्रत्याशी के रूप में चुना है. राजनांदगांव की जनता में बदलाव की बयार है, जनता उत्साहित है. सभी ब्लॉक का मैं दौरा कर चुका हूं. सभी विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर चुका हूं. कार्यकर्ताओं से नामांकन दाखिल करने की अपील पर भूपेश बघेल ने कहा कि मैंने यह बात पाटन में कार्यकर्ताओं से कही थी और ये सच है कि ईवीएम को लेकर शंका तो है. जनता भी बैलेट से चुनाव चाहती है. मैं अभी भी कह रहा हूं, बैलेट से ही चुनाव होना चाहिए.लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को रोकने मोदी सरकार ने कई तरह के हथकंडे अपनाए हैं. लेकिन सुप्रीम कोर्ट से लगातार केंद्र को और भाजपा को झटका लग रहा है. हमें न्यायालय से उम्मीद है, जनता भी न्याय करेगी. चुनाव में बीजेपी को जनता सबक सीखाने जा रही है.

# माल लोडिंग में बिलासपुर रेल मंडल ने रचा कीर्तिमान

**बिलासपुर,2 मार्च.** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल ने माल लदान में कीर्तिमान हासिल किया है। इस वित्तीय वर्ष में मंडल ने 1,720 लाख टन लोडिंग की है। यह लक्ष्य से ज्यादा है। डीआरएम समेत सभी विभागों के अधिकारियों ने इस उपलब्धि के एवज में केट काटकर खुशियां मनाई और एक-दूसरे को बधाई दी। जमकर आतिशबाजी भी की गई। बिलासपुर मंडल रेलकर्मियों के सतत व अनुशासित प्रयास से विपरीत परिस्थितियों में भी डटकर काम करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लदान लक्ष्य को पार करते हुए अब तक सर्वाधिक 1,720 लाख टन माल ढुलाई के मील के पत्थर को हासिल किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 169.5 मिलियन टन का लक्ष्य दिया गया था, जिसे मंडल ने 30 मार्च को ही हासिल कर लिया। रिकार्ड 1,720 लाख टन माल ढुलाई कर अब तक का सर्वाधिक लोडिंग करने की नई उपलब्धि हासिल की गई। इसके पूर्व वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 159.54 मिलियन टन लोडिंग की गई थी। रेलवे ने माल ढुलाई को आकर्षक बनाने के लिए कई तरह की रियायतें भी अपने उपभोक्ताओं को दी। इसके साथ ही माल परिवहन से संबंधित उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निदान भी किया गया। इन कारणों से भी मंडल को माल ढुलाई का लक्ष्य पार करने में सफलता मिली। इस उपलब्धि के अवसर पर नियंत्रण कक्ष में मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पांडेय की उपस्थिति में अधिकारियों व कर्मचारियों ने केक काटकर प्रसन्नता व्यक्त की गई। इस अवसर पटाखे भी फोड़े गए।

डीआरएम प्रवीण पांडेय ने इस उपलब्धि का श्रेय अधिकारी व कर्मचारियों को दिया। उनका कहना है कि रेल मंडल टीम वर्क के साथ कार्य करता है। आज यदि भारतीय रेलवे में बिलासपुर मंडल को दूसरा स्थान मिला है तो वह कुशल कर्मचारियों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। उन्होंने यह भी कि असली कर्मयोगी रेल कर्मचारी हैं, जो दूरस्थ कोयला के खदान क्षेत्रों में पदस्थापित हैं और अपने पारिवारिक जीवन को छोड़कर कर्म के मार्ग पर चलते हुए लदान लक्ष्य को पाने के लिए

### 07 से 11 अप्रैल तक बर्मिंघम में होगी स्पोर्ट अकार्ड वर्ल्ड स्पोर्ट्स और बिजनेस समीट

jasclaudius@gmail.com

# ओलंपिक कमेटी से रोलबाल को मान्यता दिलाने की कोशिश जारी

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

आधुनिक युग में रफ्तार का अपना महत्व है कम समय में अधिक पाने की चाहत ने युवाओं की दिशा व दशा बदल दी है। आज का युवा दुनिया को अपनी मुट्ठी में रखना चाहता है। खेलकूद स्पर्धा के माध्यम से खिलाड़ी अपने अंदर की प्रतिभा को पल दो पल में दिखलाने के लिए बेताब है।





इस तरह के बदलाव से भारत का खेल जगत अछूता नहीं है। लगभग 1430 मिलियन की आबादी में बच्चे, किशोर, युवाओं की जनसंख्या लगभग 30 प्रतिशत हो चली है। यह गर्व की बात है कि भारत के नौजवान विश्व के प्रमुख देशों में शिक्षा, प्रबंधन, स्वास्थ्य, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, संचार, बैंकिंग आदि क्षेत्र में अभूतपूर्व पकड़ बना चुके हैं। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी खेलकूद के क्षेत्र में भारत की पहचान को वैश्विक रूप से स्थापित करने के लिए बेहद गंभीर है। भारत के खेल मंत्रालय, भारतीय ओलंपिक परिषद, भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेलो इंडिया कार्यक्रम में न सिर्फ उदयीमान खिलाड़ियों बल्कि लुप्तप्राय तथा नये खेलों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इस दिशा में 2003 से 2005 के बीच पुणे के एक साधारण लेकिन अत्यंत कुशाग्रबुद्धि,दूरदर्शी भारतीय नागरिक राजू दाभोड़े द्वारा अविष्कार किए गये 'रोलबाल' नामक खेल को भारत सरकार द्वारा इन दिनों निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है।

रोल बाल में रोलर स्केटिंग के माध्यम से गेंद को विपक्षी के गोल में डालने की कोशिश पूरी दुनिया के युवाओं को हतप्रभ कर देता है। तभी तो भारत का सिर्फ दो दशक पुराना यह खेल विश्व मंच पर धरती के पांच महाद्वीपों के लगभग 55 देशों के बच्चों, किशोरों तथा युवाओं की दिल की धड़कन बन चुका है। रोलबाल खेल संतुलन, गति, शुद्धता, सामूहिक नेतृत्व, कम अवधि, सालभर खुले आसमान के नीचे या वातानुकूलित स्टेडियम में खेला जाने वाला खेल है। खेल के नियम तकनीकी रूप से स्पष्ट व पारदर्शी हैं। साथ ही इस खेल की खूबी यह है कि यह खेल परंपरागत खेलों से हटकर उदयीमान खिलाड़ियों जो किसी रोमांचक, अद्भुत नये खेल में कैरियर बनाना चाहते हैं उन्हें अनायास ही आकर्षित करता है। अतः स्पष्ट है रोलबॉल भविष्य के खेल सितारों की पहली पसंद बनते जा रहा है। आगामी 07 से 11 अप्रैल 2024 तक बर्मिंघम वेस्ट मिडलैंड्स में आयोजित 18वीं स्पोर्ट आकार्ड वर्ल्ड स्पोर्ट्स और व्यापार सम्मेलन जिसमें करीब 100 से अधिक देशों के 1500 अंतर्राष्ट्रीय खेल हस्तियां भाग लेंगे साथ ही साथ खेल व्यवसाय से जुड़े अगुवे तथा इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी के पदाधिकारीगण रोलबाल खेल के अलावा आवश्यक खेल सामग्री के निर्माण व व्यापार की अपार संभावना के मद्देनजर इस खेल को नयी ऊंचाई देने के लिए अपना समर्थन प्रदान करेंगे। इस तरह 21वीं सदी के सबसे तेजी से उभरते हुए इस रोलबाल खेल को इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी तथा समकक्ष खेल संघों द्वारा मान्यता प्राप्त करने हेतु इंटरनेशनल रोलबाल फेडरेशन गंभीरता से प्रयासरत है। इसी क्रम में बर्मिंघम वेस्ट मिडलैंड्स में आयोजित की जा रही 18वीं स्पोर्ट आकार्ड वर्ल्ड स्पोर्ट्स और बिजनेस समिट के रोलबाल एसोसिएशन की तरफ से जनरल सेक्रेटरी राजू आर. दभाड़े के साथ तीन डायरेक्टर क्रमशः रोहन आर. दभाड़े, मनोज कुमार यादव, आर. स्टीफन डेविड मान्यता दिये जाने हेतु अपना पक्ष मजबूती से रखेंगे। हमें विश्वास है भारत में अविष्कृत रोलबाल खेल को अतिशीघ्र मान्यता प्राप्त हो जाएगी।

SPORT ACCORD
BIRMINGHAM WEST MIDLANDS 2024

## भ्रामक विज्ञापन पर बाबा रामदेव को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

### पतंजलि ने बिना शर्त माफी मांगी

**नई दिल्ली,2 अप्रैल.** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पतंजलि के औषधीय उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों पर अपने निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए बाबा रामदेव को कड़ी फटकार लगाई, जबकि योग गुरु, जो अदालत में मौजूद थे। उन्होंने बिना शर्त माफी मांगी। भ्रामक विज्ञापन मामले से संबंधित अवमानना कार्यवाही में बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया गया था। हम बिना शर्त माफी मांग रहे हैं। पतंजलि का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने अदालत को बताया, वह (बाबा रामदेव) माफी मांगने के लिए व्यक्तिगत रूप से यहां उपस्थित हैं। हालाँकि, अदालत ने इसे जुबानी दिखावा कहा और कहा कि पतंजलि को अपने भ्रामक दावों के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। अदालत ने कहा कि आपने हर बाधा तोड़ दी है। अब आप कहते हैं कि आपको खेद है। सुप्रीम कोर्ट ने भी केंद्र की खिंचाई की. अदालत ने कहा कि आश्चर्य है कि जब पतंजलि यह कहते हुए शहर जा रही थी कि एलोपैथी में कोविड का कोई इलाज नहीं है, तो संघ ने अपनी आंखें बंद क्यों रखीं।सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और बालकृष्ण को अंतिम अवसर देते हुए एक सप्ताह के भीतर नया हलफनामा दाखिल करने को कहा। अदालत ने रामदेव और बालकृष्ण को झूठी गवाही के आरोप की भी चेतावनी दी, जबकि यह नोट किया कि पतंजलि द्वारा हलफनामे के साथ जमा किए गए दस्तावेज बाद में बनाए गए थे। अदालत ने आगे कहा कि यह झूठी गवाही का स्पष्ट मामला है। हम आपके लिए दरवाजे बंद नहीं कर रहे हैं, लेकिन हम आपको वह सब बता रहे हैं जो हमने नोट किया है।

## संक्षेप

### दो छात्राओं ने फांसी लगाकर दी जान

**भिलाई,2 अप्रैल.**शहर की दो छात्राओं ने अपने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। दोनों ही मामले सोमवार के हैं। एक मामला स्मृति नगर चौकी इलाके के खम्हरिया का है। वहीं दूसरा मामला वैशाली नगर थाना क्षेत्र में जवाहर नगर अटल आवास कालोनी का है। पुलिस ने आज पोस्टमार्टम करवाने के बाद शवों को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया पुलिस के मुताबिक स्मृति नगर पुलिस चौकी अंतर्गत खम्हरिया में सतनामी पारा की रहने वाली मेघा भारती पिता युगल भारती ( 18 वर्ष ) ने अपने निवास पर फांसी लगाकर जान दे दी है। वह खम्हरिया के स्वामी आत्मानंद स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा थी। खुदकुशी का दूसरा मामला वैशाली नगर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर अटल आवास का है। यहां रहने वाली बारहवीं कक्षा की नाबालिग छात्रा ने घर में फांसी लगा ली। नजर पड़ने पर फंदे से उतारकर परिजन छात्रा को बीएम शाह अस्पताल ले गए। वहां पर चिकित्सकों ने मौत हो जाने की पुष्टि कर दी।

### सड़क हादसे में दो की मौत, एक बाइक पर चार लोग थे सवार

**खैरागढ़,2 अप्रैल.**परीक्षा देने आ रही दो छात्राओं की बढ़ईटोला के पास सड़क हादसे में मौत हो गई. बाइक पर एक युवक सहित तीन युवतियां सवार होकर खैरागढ़ में परीक्षा देने आ रही थी. इस बीच ये दुर्घटना हो गई. जानकारी के मुताबिक एक युवती का दुपट्टा बाइक के चक्के में फंस गया और बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई. जिससे एक युवती रेशमी की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं दूसरी युवती विक्टोरिया पाल ने अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया. फिलहाल बाइक चालक कैलाश वर्मा और तीसरी युवती लीलावती का इलाज खैरागढ़ सिविल अस्पताल में चल रहा है.

### आईएएस रानू साहू और सौम्या से पुनः पूछताछ की अनुमति लेने एसीबी और ईडी पहुंची कोर्ट

**रायपुर,2 अप्रैल.** कांग्रेस के शासनकाल में हुए कोयला,शराब, महादेव एप जैसे मामलों में हुए घोटालों की प्रवर्तन निदेशालय और एंटी करप्शन विभाग के अधिकारी आज फिर पूछताछ की अनुमति लेने रायपुर कोर्ट पहुंचे।वे पुनः रानू साहू और मुख्यमंत्री के करीबी रही सौम्या चौरसिया से घोटालों के विषय में पूछताछ करना चाहती है। करीब एक वर्ष से जेल में बंद सौम्या चौरसिया ने जेल में विशेष सुविधाएं हटाये जाने से काफी नाराज़ है। वे कुछ दिनों पूर्व कांग्रेस सरकार को काफी खरी-खोटी सुनाई थी। और जेल परिसर में हंगामा बरपाई थी। संभावना व्यक्त की जा रही है कि ईडी व्दारा पूछताछ में सौम्या चौरसिया और रानू साहू कुछ बड़े खुलासे भी कर सकती हैं,जिससे पूर्ववत सरकार के अनेक मंत्री भी घेरे में आ सकते हैं।

### सुनीता केजरीवाल ने ली आप विधायकों की बैठक

**नई दिल्ली,2 अप्रैल.** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद सियासत तेज है। हर कोई एक ही सवाल पूछ रहा है कि दिल्ली में अब सरकार कैसे चलेगी? इस बीच अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता फुल ऐक्शन में आ गई हैं। रामलीला मैदान से राजनीति में एक तरह से एंट्री ले चुकीं सुनीता ने पहली बार दिल्ली के विधायकों की बैठक ली है। मंगलवार को आम आदमी पार्टी के विधायक उनसे मिलने के लिए सरकारी आवास में पहुंचे। आतिशी, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत, गोपाल राय समेत कई विधायक सुनीता केजरीवाल के पास पहुंचे। 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा में आम आदमी पार्टी के 62 विधायक हैं। अन्य 8 विधायक भाजपा के हैं। सूत्रों के मुताबिक आप विधायकों ने सुनीता केजरीवाल से कहा कि दिल्ली की 2 करोड़ जनता केजरीवाल जी के साथ खड़ी है। केजरीवाल किसी भी कीमत पर इस्तीफा न दें और जेल से दिल्ली की सरकार चलाएं।

# केंद्र की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार को समूल नष्ट करने कृत संकल्पित:संतोष पांडे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगाँव, 2 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे आज सुबह कवर्धा विधानसभा क्षेत्र की विधानसभा स्तरीय बैठक में सम्मिलित होने के पश्चात जिले के ग्राम लासाटोला, नवापारा, बदराडीह, सोहगपुर एवं छांटा में सघन जनसम्पर्क करते हुए ग्रामीणों के बीच जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान श्री पांडे का ग्रामीणों एवं माता बहनों ने विजय तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया एवं उन्हे फूल मालाओं से लाद दिया अनेक स्थानों पर बुजुर्ग माताओं ने श्री पांडे को आशीर्वाद दिया वहीं बहनों ने आरती उतारी। वे देर शाम मैनपुरी, मुड़घुसरी, चिमागोंदी, भालूटोला मे भी जनसम्पर्क करते हुए जनसभाओं को संबोधित करेंगे। विभिन्न स्थानों पर सभाओं को संबोधित करते हुए श्री पाण्डेय ने कहा की केंद्र में कांग्रेस शासन के 10 वर्ष एवं प्रदेश में 05 वर्षों में भ्रष्टाचार अपने चरम पर पहुच गया था। केंद्र में भाजपा की सरकार आने की पश्चात भ्रष्टाचारीयों पर नकेल कसने का काम किया गया हैं,इसके लिए केंद्र की सवैधानिक संस्था ईडी एवं सीबीआई जांच करके दोषियों पर कार्यवाही कर रही हैं। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री पांडे ने कहा कि आज बड़े ङ्क बड़े भ्रष्टाचारी जेल की सलाखों के पीछे हैं, उन्हे सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत नहीं मिल रही हैं, उन्होंने कहा कि ईडी एवं सीबीआई एक स्वतंत्र संस्था हैं जो अपना काम कर रही हैं उसमे भाजपा का कोई हस्ताक्षेप नहीं हैं। संतोष पांडे ने कल दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित लोकतंत्र बचाव रैली को भ्रष्टाचार और परिवार बचाओ रैली करार दिया और कहा की ÷मोदी हटाओं÷ के लक्ष्य पर काम करने वाले विपक्ष का जनता के हित और देश के विकास से कोई सरोकार नहीं हैं, उन्होंने आगे कहा की उक्त रैली ऐसे राज्य दिल्ली में हुई हैं जंहा का मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में हिरासत में हैं, भाजपा देश में हुए भ्रष्टाचार को समूल नष्ट करने के लिए कृत संकल्पित हैं। पांडे ने छत्तीसगढ़ राज्य की बात करते हुए महादेव एप,आबकारी घोटाला, चाँवल घोटाला सहित अनेक भ्रष्टाचार के मामलों पर कहा की इन घोटालेबाजों पर भी ईडी एवं सीबीआई शिकंजा कस चुका हैं। इस संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी भूपेश बघेल के विरुद्ध भी उक्त घोटालों में सम्मिलित होने के प्रमाण मिल रहें हैं, समय आने पर इन पर भी ईडी एवं सीबीआई अपना काम करेगी। कोई भी दोषी बखसे नहीं जाएंगे। पांडे ने आम मतदाताओं से अपील की कि घोंटालों में संलग्न प्रत्याशी को भारी मतों से पराजित करने हेतु अपना मतदान करें एवं कमल फूल को विजयी बनाकर देश में नरेंद्र मोदी को ससक्त बानवे। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, दिनेश चंद्रवंशी, चंदन पटेल,पर्यटन वर्मा, शंकर सोनवानी, देव चौबे, लाल कौशिक, सीदार पटेल, बिसेन कौशिक, अश्वनी कौशिक सहित अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### टैंकर में लगी आग,मचा हड़कंप



**भिलाई, 2 अप्रैल।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र इंडस्ट्रीयल एरिया में केमिकल से भरे एक टैंकर में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि उसने एक केमिकल फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटे इतनी दूर तक थी कि आसपास के क्षेत्र में इस आगजनी से हड़कंप मच गया सूचना पर जामुल व अन्य थाना की पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची आग इतना विकराल रुप धारण कर चुका है कि उसे काबू में करना मुश्किल हो रहा है। दमकल की टीम लगातार कोशिश में है कि किसी तरह से आग पर काबू पाया जा सके छावनी सीएसपी ने बताया कि एक केमिकल से भरा ट्रैकर सिसकॉल यूनिट 2 एसीसी चौक के पास पहुंचा था अचानक वह एक हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया तार में हुई स्पार्किंग के चलते टैंकर में आग लग गई आग को देख टैंकर का ड्राइवर वहां से भाग खड़ा हुआ। देखते ही देखते टैंकर में भीषण आग लग गई। उसकी लपटें कई किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रही है। सूचना मिलते ही छावनी और जामुल पुलिस मौके पर पहुंची इससे आग टैंकर से बढ़कर उसके बगल से स्थित केमिकल फैक्ट्री में पहुंच गई फैक्ट्री में आग लगने से विस्फोट हो रहे हैं पुलिस ने कई किलोमीटर के एरिया को लोगों से खाली करा दिया वहीं आग बुझाने के लिए 10 से 12 दमकल की गाड़ियां जुटी रही आग की घटना के बाद लोगों की भीड़ भी जुट गई कंपनी के अंदर खड़ी ट्रक सहित अन्य सामान जल कर खाक हो गई है आगजनी से कितना नुकसान का आंकलन नहीं लगाया जा सका है। फिलहाल आग पर काबू नहीं पाया गया है ।

### आनलाइन 3 लाख की ठगी

**भिलाई, 2 अप्रैल।** भिलाई आनलाइन ट्रेडिंग कर के रकम दोगुना करने का झांसा देकर एक अधेड़ से तीन लाख 90 हजार रुपये की ठगी करने वाले शातिर के खिलाफ भिलाई नगर पुलिस ने धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी की है पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है सेक्टर-10 निवासी शिकायतकर्ता जी वेणु गोपाल (55) को वाट्सएप पर एक मैसेज आया, जिसमें आरोपित ने दावा किया था कि यदि वह उसके पास रुपये निवेश करता है तो आनलाइन ट्रेडिंग कर रुपयों को दोगुना कर देगा। आरोपित की बातों में आकर पीडित ने 26 फरवरी से छह मार्च 2024 के बीच 16 किस्तों में कुल तीन लाख 90 हजार रुपये आरोपित के बताए हुए खाते में जमा कर दिए आरोपितों ने कहा कि उन्होंने लाभ सहित पूरी राशि उसके खाते में जमा कर दी है। जब पीडित रुपये निकालने के लिए गया तो उसे पता चला कि उसका खाता ब्लाक है ।

### मार्निंग वॉक कर रही महिला का चेन खींच कर भागा युवक

**भिलाई, 2 अप्रैल।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र सुबह मॉर्निंग वॉक कर रही एक बुजुर्ग महिला को अज्ञात युवक ने सोने की चेन को खींच कर भाग गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।नेवई पुलिस ने बताया कि अजय पाण्डेय (53वर्ष) निवासी मैत्रीकुंज रिसाली ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी मां श्रीमती प्रमिला पाण्डेय (70 वर्ष ) आज सुबह साढ़े 5 बजे रोजाना की तरह मार्निंग वाक करने के लिए घर से निकली थी अवंती गार्डन के पास वह टहल रही थी तभी कोई अज्ञात युवक पीछे से पैदल आया और उनके गले में पहने सोने की चेन को खींच कर भाग गया ।

### सेल ने हासिल किया सर्वाधिक वार्षिक उत्पादन और विक्रय का लक्ष्य



**भिलाई, 2 अप्रैल ।** इस्पात मंत्रालय की महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान हॉट मेटल, क्रूड स्टील और सेलेबल स्टील का अब तक का सर्वाधिक उत्पादन हासिल किया है, जो एक मील का पत्थर है। सेल ने वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में हॉट मेटल उत्पादन में 6 प्रतिशत क्रूड स्टील उत्पादन में 5 प्रतिशत और सेलेबल स्टील उत्पादन में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 20.5 मिलियन टन हॉट मेटल, 19.2 मिलियन टन क्रूड स्टील और 18.4 मिलियन टन सेलेबल स्टील का उत्पादन किया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान अब तक की सर्वाधिक विक्रय 17.1 मिलियन टन हासिल किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुक़ाबले 5 प्रतिशत से अभी अधिक है। सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय इस्पात बाजार की बढ़ती मांग के साथ कंपनी के रणनीतिक तालमेल को दिया। उन्होंने बदलती बाजार जरूरतों के प्रति उत्तरदायी रहते हुए कंपनी की उत्पादन क्षमताओं को और बढ़ाने की सेल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

# हत्या के मामले में पत्नी व प्रेमी गिरफ्तार



**भिलाई, 2 अप्रैल।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या करने वाली पत्नी और उसके प्रेमी को पुलिस ने घटना के साढ़े तीन महीने बाद गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने टेलीफोन के वायर से युवक की गला घोंटकर हत्या की थी पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ हत्या की धारा के तहत प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की थी और साक्ष्य मिलने पर दोनों को गिरफ्तार किया पूछताछ में आरोपितों ने हत्या करने की बात स्वीकार की है दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि 13 दिसंबर 2023 को रिसाली सेक्टर निवासी मेवाराम साहू ने पुलिस को जानकारी दी थी कि उसके बेटे लोमेंद्र साहू (32) की मौत हो गई और उसकी लाश बिस्तर पर पड़ी हुई है नेवई थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया और मामले की जांच शुरू की शव के पोस्टमार्टम में पता चला कि लोमेंद्र की गला घोंटकर हत्या की गई है पुलिस को मृतक लोमेंद्र की पत्नी संगीता साहू पर संदेह हुआ तो उसके काल डिटेल निकाले। इसमें पता चला कि उसकी ग्राम खोपली निवासी सुनील कुमार डहरिया से बात होती रही है। जिस रात लोमेंद्र की मौत हुई थी, उस रात भी दोनों के बीच बात हुई थी संदेह पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पता चला कि पूर्व में संगीता बीएसपी के आफिस में कंप्यूटर आपरेटर का काम करती थी।

सुनील भी उसे आफिस में वाहन चालक का काम करता था इस दौरान ही दोनों की पहचान हुई थी और प्रेम प्रसंग शुरू हो गया था काम छोड़ने के बाद भी संगीता और सुनील के बीच अवैध संबंध बना ही रहा संगीता ने सुनील को बताया था कि पति लोमेंद्र साहू शराब पीने का आदी है और नशे में उसे रोजाना मारता-पीटता है इसके बाद दोनों ने मिलकर लोमेंद्र साहू की हत्या की योजना बनाई थी।

# जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता अभियान में शत प्रतिशत मतदान का दिया गया संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 2 अप्रैल।** कबीरधाम जिले में लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत आज कवर्धा के स्वामी करपात्री जी आउटडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर आमागी 26 अप्रैल को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने के लिए हजारों युवाओं, अधिकारी कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अनूठा संदेश दिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान को चुनाव का पर्व, देश का गर्व÷ की थीम पर आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्टर ने उपस्थिति सभी लोगो को मतदान में भाग लेते हुए शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जिले के प्रत्येक मतदाताओं को मतदान की प्राक्रिया में भागीदारी निभाने के लिए जागरूकता के अलग-अलग संदेश भी दिए गए। इसके तहत विशाल चित्र भारतीय मानचित्र का तैयार किया गया। सांस्कृतिक आयोजन, जिले की विशेष पिछड़ी बैगा जनजातियो द्वारा बैगानी नृत्य के माध्यम से मतदान का संदेश दिया गया। हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी जोन के साथ तीन स्तरों पर दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक और नव वधु मतदाताओं को सम्मानित भी किया गया। स्काउड गाईड, दिव्यांग एनसीसी और एनएसएस सहित आगंनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े हुए कार्यकर्ता ने रैली निकालकर मतदान के लिए प्रेरित किया।

# ठेकाकर्मियों के लिए फेस बायोमेट्रिक अटेंडेंस मॉनिटरिंग सिस्टम का उद्घाटन



भिलाई, 2 अप्रैल । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत ठेका कर्मियों के उपस्थिति रिकॉर्ड में अधिकतम सुरक्षा और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए फेस रिकग्निशन-आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया गया। जिसका उद्घाटन सोमवार को स्टील मेल्टिंग शॉप-3 विभाग में किया गया। सेल की सभी इकाइयों में बीएसपी पहली इकाई है, जिसने अपने ठेका कर्मियों की उपस्थिति, ओवरटाइम और दैनिक कार्य अवधि को व्यवस्थित करने के लिए इन बायोमेट्रिक अटेंडेंस मॉनिटरिंग सिस्टम को स्थापित किया है। प्रणाली का उद्घाटन, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार और कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक ए बी श्रीनिवास, महाप्रबंधक सुश्री शीजा पी मैथ्यू, महाप्रबंधक रविशंकर, महाप्रबंधक श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोज़, महाप्रबंधक बी जंगपांगी, महाप्रबंधक यतेंद्र कुमार, महाप्रबंधक एम पी सिंह, महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा, महाप्रबंधक डी विजिथ, महाप्रबंधक पी के सिंह, महाप्रबंधक जे एन ठाकुर, महाप्रबंधक एच शेखर और महाप्रबंधक पी सतपथी, उप महाप्रबंधक अजय कुमार, उप महाप्रबंधक विकास चन्द्रा, वरिष्ठ प्रबंधक रोहित हरित, प्रबंधक निवेश विजयन, वरिष्ठ प्रबंधक अखिलेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारीगण, विभागीय कर्मचारी और ठेका कर्मचारी उपस्थित थे।

# निगम क्षेत्र के तालाबों को भरने नहर-नालों की सफाई



भिलाई, 2 अप्रैल । तांदुला जलाशय से छोड़े गये पानी को नहर के माध्यम से तालाबो में पहुँचाने के लिए भिलाई निगम क्षेत्र के नहर-नालों की सफाई युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम क्षेत्र के तालाबो को भरने के लिए जलाशय से छोड़े जाने वाले पानी बिना कचरे के साफ-सुथरा तालाब में पहुंचे इसके लिए सभी जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये थे। जोन का अमला युद्ध स्तर पर नहर-नालों की सफाई में जुटा हुआ हैं स्मृति नगर बोगदा पुलिया से सड़क के समान्तर चलने वाले नहर, खम्हरिया जुनवानी पेट्रोल पम्प के पीछे नहर, घासीदास नगर, खुर्सीपार, हुड़को, सेक्टर-8 सहित सम्पूर्ण निगम क्षेत्र से गुजरने वाले नहर तथा बड़े नाला की सफाई किया जा रहा है। घासीदास नगर के नहर नाली में किये अतिक्रमण हो हटाया भी गया है। जोन आयुक्त के

# केसीपीएस कुरूद में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत में बच्चों का शानदार स्वागत



**कुरूद, 2 अप्रैल।** कलीराम चंद्राकर पब्लिक स्कूल कुरूद में सोमवार को नए शिक्षा सत्र 2024-25 की शुरुआत पर बच्चों का तिलक वंदन और मुंह मीठा कर उनका भव्य स्वागत किया गया। प्री प्राइमरी विभाग में शिक्षिकाओं द्वारा नन्हे-मुन्हें बच्चों के स्वागत के लिए विशेष तैयारी की गई थी , विशेष सजावट और साज-सज्जा के साथ सभी शिक्षिकाओं ने बच्चों का तिलक वंदन और पूजन कर स्वागत किया। सभी बच्चों का फर्स्ट डे की तख्ती और सेल्फी जोन द्वारा तस्वीर लेते हुए स्वागत किया गया। इस दौरान छोटे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। बच्चें मीठी मुस्कान के साथ नन्हे-नन्हे कदम से अपनी चंचलता को बिखेर कर प्रवेश किए ।

इसी तरह बड़ी कक्षाओं में भी नए सत्र के स्वागत पर बच्चों में उमंग और उत्साह का संचार देखने को मिला। एसेंबली हॉल में प्राचार्य के मंजीता ठाकुर ने सभी का नए सत्र में स्वागत करते हुए एक नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच के साथ एक नई शुरुआत करने पर जोर दिया । उन्होंने कहा कि आप सभी इस नए सत्र में अपना सौ प्रतिशत योगदान देते हुए सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ो और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में पूरी लगन के साथ पढाई में जुट जाओ।निश्चित ही आपका आने वाला समय उज्जवल है,सफलता आपके कदम चूमेगी। इसके साथ ही सभी विभागों के प्रमुख जिसमें हाई-हायर विभाग प्रमुख अमर सिंह ने सभी बच्चों को अनुशासन का पालन करते हुए इस नए सत्र एक नई और बेहतरीन शुरुआत करने पर जोर दिया।अन्य शिक्षकों ने सभी बच्चों को सभी विधाओं में आगे बढ़ने और पूरी लगन के साथ एक नई शुरुआत पर बल दिया।इस दौरान सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

# मोरिद जलाशय में पानी कम,आयुक्त ने विभाग प्रमुख से ली जानकारी



**रिसाली।** बढ़ती गर्मी और पेयजल समस्या को देखते हुए निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने सिंचाई विभाग को पत्र लिख पानी की मांग की है। उन्होंने सोमवार को मोरिद जलाशय व फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। यहां से डुंडेरा और पुरैना के नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराया जाता है। खास बात यह है कि मोरिद जलाशय में केवल 2 दिन का पानी शेष है। निगम आयुक्त मॉर्निंग विजिट के तहत मोरिद पहुंचीं। यहां पर उन्होंने पहले इंटकवेल देखा। जलाशय में पानी कम होने पर विभाग प्रमुख से पानी डिमांड पत्र भेजे जाने संबंधी पूछताछ कीं । अधिकारियों ने बताया कि पत्र के अलावा स्मरण पत्र भी भेजा जा चुका है। आयुक्त ने तत्काल निर्देश दिए कि पुनः पत्र लिख पानी की मांग की जाए। आयुक्त ने इसके बाद रिसाली निगम का फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कीं । पेयजल शुद्धिकरण में मिलाए जाने वाले एलम के स्टाक के बारे में जानकारी लीं।

**हर हाल में शुद्धता की जांच हो**

मोरिद फिल्टर प्लांट से पुरैना और डुंडेरा की लगभग 20 हजार आबादी को पेयजल उपलब्ध कराया जाता है। ग्रामीण परिवेश वाले दोनो ही जगहों पर दो समय नल के माध्यम से पानी दी जा रही है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्देश दिए कि पानी की शुद्धता हर रोज जांच की जाए। इसमें कोताही न बरतें ।

**समय में पूरा हो काम**

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने डुंडेरा, जोरा तराई में बने मतदान केंद्र का निरीक्षण भी की। इस दौरान उन्होंने स्कूल में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष का अवलोकन की। उन्होंने निर्देश दिए कि जून तक निर्माण कार्य पूर्ण हो जाए। ताकि नए भवन का लाभ बच्चो को मिल सके।

### चलाया जा रहा एक मुट्ठी दान श्रीराम के नाम अभियान : मनीष



**भिलाई।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भी श्री रामनवमी पर्व पर एक मुट्ठी दान- श्रीराम के नाम अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने खुर्सीपार प्रखण्ड के वार्ड 49 में घर-घर पहुंचकर लोगों से प्रभु के नाम दान करने अपील की। मनीष पाण्डेय ने बताया कि समिति द्वारा विगत 38 वर्षों से श्री रामनवमी हर्षोल्लास और भव्य रूप से मनाया जाता है। 39वें वर्ष में यह आयोजन हम सभी के लिए बहुत खास है क्योंकि हमारा गौरव श्रीरामलला मंदिर पूर्ण हो चुका है और इस भव्य मंदिर में रामलला विराजमान हो गए हैं। पाण्डेय ने बताया कि प्रतिवर्ष श्री रामनवमी के अवसर पर समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस क्रम में समिति द्वारा इस वर्ष भी एक मुट्ठी दान- श्रीराम के नाम अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत भिलाई के प्रत्येक घर से एक मुट्ठी अन्न दान संग्रहित कर भंडारे में उपयोग किया जायेगा। इस भव्य उत्सव में प्रत्येक भिलाईवासी एवं समाज की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पाण्डेय ने बताया कि 1 से 15 अप्रैल तक समिति के सदस्य विभिन्न प्रखंडों में घर-घर पहुंचकर लोगों से एक मुट्ठी अनाज दान के रूप में स्वीकार करेंगे।

### होली मिलन समारोह में शामिल हुए सांसद विजय बघेल



**जामुल।** सांसद विजय बघेल जामुल मंडल में होली मिलन समारोह में शामिल हुए। साथ में नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष रेखराम बंछोर, कुलेश्वर वर्मा, जितेन्द्र साहू जगदीश देवांगन ओमप्रकाश साहू अश्वनी पाण्डेय जामुल मंडल अध्यक्ष जोगेशवर सोनी, महामंत्री नूतन वर्मा, प्रशांत गुप्ता, पार्षद दीपक गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंह, प्रहलाद जंघेल, लक्षमण क्षत्रिय, बीआर रामटेके एवं सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए

# नारायणपुर सेल खेल मेला-2024 के विजेता खिलाड़ी किए गए पुरस्कृत




**भिलाई, 2 अप्रैल ।** भिलाई इस्पात संयंत्र और रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर के संयुक्त तत्वाधान में, सेल खेल मेला-2024 का समापन एवं पुरस्कार वितरण भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक जितेन्द्र यादव सपकाले के मुख्य आतिथ्य में एवं ब्रम्हचारी प्रशिक्षण केंद्र, बेलूड़ मठ के आचार्य पूज्य स्वामी पूर्णानंद महाराज की अध्यक्षता में 30 मार्च को सम्पन्न हुआ। सेल खेल मेला 2024 में वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, खो-खो आदि खेलों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जे वाइ सपकाले द्वारा विजेता टीमों व खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। रामकृष्ण मिषन को ओवलऑल चैम्पियनषिप के खिताब से नवाजा गया। इसके साथ ही फुटबॉल प्रतियोगिता में नारायणपुर विजेता रहा। खो खो में बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में रामकृष्ण मिशन की टीम विजेता रही और बालक वर्ग में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छेरीबेड़ा और बालिका वर्ग में माँ सारदा विद्यामन्दिर, ओरछा उपविजेता रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छेरीबेड़ा विजेता और रामकृष्ण मिशन उप विजेता रहा। बालिका वर्ग में रामकृष्ण मिशन विजेता और कस्तूरबा गांधी विद्यालय, सूलेंगा उपविजेता रही। एथेलेटिक प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छेरीबेड़ा ओवरआल चैम्पियन रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े, जैकी कश्यप, स्वामी कृष्णामृतानन्द, स्वामी मुक्त्यानन्द, स्वामी प्रणतपालानन्द एवं ब्रह्मचारीगण उपस्थित थे। इसके साथ ही आश्रम के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित अन्य कर्मचारिवृन्द तथा लगभग 1400 बच्चों ने इस खेल मेला में शामिल होकर अपनी प्रतिभा दिखायी। कार्यक्रम में स्वागत भाषण रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर के सचिव स्वामी व्याप्तानन्द जी महाराज ने दिया एवं विवेकानंद विद्यापीठ के प्राचार्य स्वामी कृष्णामृतानन्द ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बिजली क्यों होती है बार-बार गुल

**कवर्धा।** भीषण गर्मी चमचमाती धूप फिर भी बिजली किसी भी समय गांवो में हो जाती है क्यो बार बिजली गुल कभी दोपहर कभी शाम । महिलाए और बच्चे , बुजुर्ग ज्यादा बिजली गुल होने से चिंतित देखे जाते है । पक्ष विपक्ष और अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए जिससे की बिजली बार बार गांवो में गुल ना हो ।

संपादकीय

## सम्मान ऐसा हो कि लोग याद रखें सम्मान हुआ

वैसे तो हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का सम्मान होता है। इस तरह का सम्मान औसत सम्मान होता है। इसे लोग ज्यादा दिन याद नही करते हैं, यादगार सम्मान हर किसी को करना नहीं आता है। यादगार सम्मान वही कर सकता है जिसके दिल की गहराइयों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले के प्रति सम्मान हो। यादगार सम्मान तो ऐसा होता है कि उसे मिसाल की तरह लोग याद करते हैं कि फलाने नेता का सम्मान जैसा हुआ वैसा सम्मान किसी का नहीं हुआ। इस तरह का सम्मान वह आदमी करे जिस पर उस नेता का अपमान करने का आरोप लगाया जाता रहा हो तो यह सम्मान और भी यादगार हो जाता है। देश का सबसे बड़ा सम्मान अक्सर विभूतियों को मरने के बाद मिलता है, इससे उनका परिवार गौरवान्वित होता है। पर जब व्यक्ति जिंदा रहता है और उसे देश का सबसे बड़ा सम्मान मिलता है तो यह उस व्यक्ति के लिए अविस्मरणीय गौरव का क्षण होता है।उसके साथ उसका परिवार भी गौरव की अनुभूति करता है। लालकृष्ण आडवाणी ऐसे ही नेता है जिनको जीते जी भारत रत्न का सम्मान मिला है। यह उनके लिए,उनके परिवार के लिए, उनकी पार्टी के लिए गौरव का क्षण है। सत्ता के कारण मोदी विरोधियों ने एलके आडवाणी व पीएम मोदी के बीच ऐसे रिश्ते बना दिए थे कि किसी को यकीन नहीं था कि पीएम मोदी लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान के लायक समझते हैं। मोदी विरोधी तो पीएम मोदी को एलके आडवाणी के घोर विरोधी, दुश्मन की तरह पेश करते थे। वह जब भी मौका मिलता था तो कहने से चूकते नहीं थे कि पीएम मोदी एलके आडवाणी का सम्मान नहीं करते हैं। राष्ट्रपति चुनाव हो तो, उपराष्ट्रपति चुनाव हो तो यही कहा जाता था कि पीएम मोदी एलके आडवाणी का सम्मान नहीं करते है, इसलिए उनको राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति नहीं बनाते हैं। राम मंदिर में राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्टा के समय भी कहा गया कि आडवाणी को न बुलाकर पीएम मोदी ने एलके आडवाणी का अपमान किया है। जबकि जब भी आडवाणी के प्रति सम्मान का मौका रहा हो तो पीएम मोदी खुद आडवाणी के घर जाकर उनका सम्मान करते रहे हैं। फिर भी माना व कहा जाता रहा कि पीएम मोदी एलके आडवाणी का सम्मान नहीं करते हैं। कोई माने या न माने पीएम मोदी से सोच रखा था कि एलके आडवाणी का सम्मान कब करना है। कैसे करना है। राममंदिर में राम लला के विराजने के बाद उन्होंने एलके आडवाणी को भारत रत्त देने की घोषणा कर पूरे देश को ही नहीं एलके आडवाणी को भी चौंका दिया क्योंकि कोई सोच नहीं सकता था कि पीएम मोदी एलके आडवाणी को भारत रत्न दे सकते हैं, ऐसा सम्मान कर सकते हैं। पीएम मोदी के लिए एलके आडवाणी महानायक रहे हैं। नरेंद्र मोदी उनके सारथी रहे हैं। उनके मन में अपने महानायक के प्रति जो सम्मान था, उसको कभी किसी से कहा नहीं,कभी जाहिर नहीं किया लेकिन वह मौके का इंतजार करते रहे और वह मौका आया तो उन्होंने एलके आडवाणी का ऐसा सम्मान किया कि वह एक उदाहरण बन गया है देश के लिए भी और भाजपा के लिए भी। पीएम मोदी खुद बहुत काम करते है तथा पार्टी के लिए चुपचाप काम करने वालों का बहुत सम्मान करते हैं। यही वजह है कि वह एक समान्य कार्यकर्ता से लेकर पार्टी के शिखर पुरुषों का कब सम्मान करना है और कैसे सम्मान करना है, यह बखूबी जानते हैं और मौका आने पर उनका सम्मान कर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को संदेश देते हैं कि यह भाजपा में ही संभव है कि पार्टी का साधारण कार्यकर्ता एक सीएम व पीएम बन सकता है, राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति बन सकता है।उसे भारत रत्न जैसा सम्मान मिल सकता है। पीएम मोदी खुद जितना देश के लिए जीते हैं, उनता ही पार्टी के लिए जीते हैं और जो कोई भी उनकी तरह देश व पार्टी के लिए जिया है, जी रहा है तो वह उसको याद रखते हैं और समय आने पर उसका ऐसा सम्मान करते हैं कि लोग कहते हैं कि किसी का सम्मान हो तो ऐसा सम्मान हो। पीएम मोदी ने जिसका भी सम्मान किया है, वह उसके काम के लिए किया है। उनका सीधा संदेश है कि काम करो, संगठन काम करने वालों की कदर करता है और उसका पूरा सम्मान भी करता है। चाहे वह साधारण कार्यकर्ता हो या पार्टी का शिखर पुरुष। देश के दूसरे राजनीतिक दलों को भाजपा से सीखना चाहिए कि कार्यकर्ताओं का सम्मान कैसे करना चाहिए।

राजनीति

# इंडिया की लोकतंत्र बचाओ महारैली के बेसूरे स्वर

ललित गर्ग



दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडिया की लोकतंत्र बचाओं महारैली में जुटे 28 दलों के नेता आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से कोई प्रभावी संदेश देने में नाकाम रहे हैं। भले ही चुनाव के ठीक पहले विपक्षी दलों ने इसके जरिए अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने में कामयाबी हासिल की हो। लेकिन यह एकजुटता भ्रष्ट नेताओं को बचाने की एक मुहिम ही बनकर सामने आयी है। इसमें स्पष्ट रूप से केन्द्र सरकार की भ्रष्टाचार पर गई कार्रवाई की बौखलाहट झलक रही थी। इस रैली में सभी दलों के नेताओं ने देश विकास के मुद्दों, सिद्धान्तों एवं नैतिक तकाजे की बजाय मोटे तौर पर सत्ता पक्ष की भ्रष्टाचार के खिलाफकी जा रही कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए इसी के इर्दगिर्द ही अपनी बातें रखीं। लोकतंत्र बचाओ रैली से उपजे विचारों ने किन्हीं पवित्र उद्देश्यों के बजाय सत्ता हासिल करने की लालसा को ही उजागर किया, यह निराश करने वाली रैली किसी बड़े बदलाव की वाहक बनती हुई नजर नहीं आयी।



इस रैली में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शानदार जीत की संभावना से बौखलाए नेताओं की खींच ही ज्यादा सामने आयी है। यही कारण है कि रैली में जो मुद्दा जोरशोर से उठा, वह यह रहा कि यदि भाजपा फिर से सत्ता में आ गई तो लोकतंत्र भी खत्म हो जाएगा और संविधान भी। यह समझना कठिन है कि कोई दल लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करता है तो उससे लोकतंत्र और संविधान कैसे खत्म हो जाएगा। आम जनता के मतों से जीत हासिल करने वाला दल किस तरह से लोकतंत्र को ध्वस्त करने वाला हो सकता है। विपक्षी एकता का यह महाकुंभ मोदी को कोसने की बजाय किन्हीं ठोस मुद्दों के सहारे कोई प्रभावशाली विमर्श खड़ा करने की कोशिश करता तो वह आम जनता को आकर्षित करता और यही स्वस्थ राजनीतिक परिपक्वता का परिचायक होता। लेकिन ऐसा न होना समूचे देश के विपक्षी दलों की नाकामी, उद्देश्यहीनता एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का द्योतक हैं। इस रैली में अनेक मुद्दे उठे, जिनमें प्रमुख रहा केंद्रीय एजेंसियों का कथित दुरुपयोग और राजनीतिक भ्रष्टाचार। प्रियंका गांधी ने इस रैली में सरकार के सामने पाँच माँगें रखीं। इनमें प्रमुख दो हैं जिनमें चुनाव आयोग से माँग की गई है कि विपक्षी नेताओं पर छापों की कार्रवाई रोकी जाए। दूसरी और महत्वपूर्ण माँग ये है कि गिरफ्तार हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए। इस रिहाई की माँग के पीछे कांग्रेस का उद्देश्य बचे-खुचे संगठनों या पार्टियों को इंडिया गठबंधन से जोड़े रखना है। नीतीश कुमार और ममता बेनर्जी जैसे मज़बूत खम्भे पहले ही उखड़ चुके हैं इसलिए जो कुछ बचा है उसे कांग्रेस समेटे रखना चाहती है, यही उसकी विवशता है। वैसे, इंडिया गठबंधन के घटक दलों के आपसी अंतर्विरोध की छाया भी इस रैली दिखी। कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि विरोध किसी खास व्यक्ति से जुड़ा नहीं बल्कि मौजूदा सरकार की तानाशाही के खिलाफकेंद्रित है। जबकि इस रैली का मकसद आम आदमी पार्टी की तरफ से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करना बताया गया। यहां आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच के अन्तर्विरोध को सहज ही समझा जा सकता है।

यह रैली भले ही अठाइस दलों का जमावड़ा बनी, इसे विपक्षी दलों की एकजुटता का प्रदर्शन भी कहा गया है। लेकिन जबसे इंडिया गठबंधन बना है, तब से उसमें टूट एवं बिखराव के स्वर सुनाई दे रहे हैं। विचारभेद के साथ मनभेद भी सामने आये हैं। महाराष्ट्र से लेकर बिहार तक तमाम राज्यों में टिकट बंटवारे के सवाल पर इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों की आपसी खटपट की खबरें भी आ रही थीं। भले ही ये विवाद गिनी-चुनी सीटों को लेकर थे, लेकिन संदेश स्पष्ट था कि चुनाव सिर पर आने के बाद भी इंडिया गठबंधन से जुड़े दल एकजुट नहीं हो पा रहे। रामलीला मैदान की रैली के जरिए इन दलों ने यह संदेश देने का प्रयास किया है कि मोदी विरोध एवं भाजपा को सत्ता से दूर करने के मुद्दों पर वे एक स्वर में बोल सकते हैं और लगातार बोलते भी रहे हैं, फिर उसके लिये इस महारैली की क्या जरूरत? निश्चित ही एकजुटता के ये स्वर बेसूरे, असहज एवं बनावटी है, इंडिया गठबंधन के राजनैतिक क्षितिज पर जो वरिष्ठ राजनेता हैं उनकी आवाज व किरदार भारतीय जीवन को प्रभावित नहीं कर रहा है। इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों की केन्द्र एवं प्रांतों की सरकारों के शासन-काल में तो अपराध, भ्रष्टाचार और साम्प्रदायिकता के जबड़े फैलाए, आतंकवाद, प्रांतवाद, जातिवाद की जीभ निकाले, मगरमच्छ सब कुछ निगलता रहा है। सब अपनी जातियों और ग्रुपों को मजबूत करते रहे हैं-- देश को नहीं। प्रथम पंक्ति का नेता ही नहीं है जिसे मोदी के मुकाबले में खड़ा किया जा सके। भारत के लोग केवल बुराइयों से लड़ते नहीं रह सकते, वे व्यक्तिगत एवं सामूहिक, निश्चित सकारात्मक लक्ष्य के साथ जीना चाहते हैं। अन्यथा जीवन की सार्थकता नष्ट हो जाएगी। दो तरह के नेता होते हैं- एक वे जो कुछ करना चाहते हैं, दूसरे वे जो कुछ होना चाहते हैं। असली नेता को सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर, प्रासंगिक और अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनानी होती है। संयुक्त रूप से कार्य करें तो आज भी वे भारत को विकास की नई ऊंचाइयां दे सकते हैं। लेकिन उन्होंने सहचिन्तन को शायद कमजोरी मान रखा है। नेतृत्व के नीचे शून्य तो सदैव खतरनाक होता ही है पर यहां तो ऊपर-नीचे शून्य ही शून्य है। इंडिया गठबंधन की चोटी से लेकर प्रांत स्तर पर, समाज स्तर पर तेजस्वी और खरे नेतृत्व का नितान्त अभाव है। यह सोच का दिवालियापन ही है कि दिखते हुए भ्रष्टाचार के बावजूद उसका विरोध नहीं करके, ऐसे भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिये लोकतंत्र बचाओ रैली का आयोजन हो रहे हैं। राजनीतिक भ्रष्टाचार एक कड़वी सच्चाई है, लेकिन वह भी उतना सच है कि इस मामले में कोई भी दल दूध का धुला नहीं है। राजनीति के हमाम में सब नंगे हैं। विपक्षी दल कुछ भी दावा करें, सच्चाई यह है कि राजनीतिक भ्रष्टाचार की समस्या का समाधान उनके पास भी नहीं है। राजनीति में काले धन का इस्तेमाल होता रहा है और कोई भी यह दावे के साथ कहने की स्थिति में नहीं कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा। जो विपक्षी नेता भ्रष्टाचार के आरोप में केंद्रीय एजेंसियों की जांच का सामना कर रहे हैं अथवा उन्हें जेल जाना पड़ा है, उनके बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि उन्होंने कहीं कुछ गलत नहीं किया। प्रधानमंत्री ने मेरठ में चुनावी महासंग्राम की शुरुआत करते हुए कहा कि अगर विपक्षी नेता पाक-साफ़हैं तो सुप्रीम कोर्ट उन्हें छोड़ क्यों नहीं रहा है? कुछ तो गड़बड़ होगी ही। कुल मिलाकर बयानों का तीखापन यहाँ- वहाँ आने लगा है। लोकसभा चुनाव के प्रचार में धार आ गई है। यह धार दिन ब दिन और पैनी होती जाएगी। भारत के केनवास पर शांति, प्रेम, ईमानदारी, विकास और सह-अस्तित्व के रंगों की जरूरत है, पर आज इंडिया गठबंधन इन रंगों को भरने की पात्रता खोकर नायकविहीन है। रंगमंच पर नायक अभिनय करता है, राजनीतिक मंच पर नायक के चरित्र को जीना पड़ता है, कथनी-करनी में समानता, दृढ़ मनोबल, इच्छा शक्ति और संयमशीलता के साथ। लेकिन भारतीय लोकतंत्र की यह एक बड़ी विडम्बना है कि यहां विपक्षी दलों में नायक कम, खलनायक अधिक है। तभी एक मोदी अठाइस दलों के नेताओं पर भारी पड़ रहा है। देखना यह है कि विपक्षी दलों ने राजनीतिक भ्रष्टाचार का मामला उठाकर मोदी सरकार को घेरने की जो कोशिश की, उससे देश की जनता कितनी प्रभावित होगी और इसकी आवश्यकता महसूस करेगी या नहीं कि इस गठबंधन को सत्ता में लाना आवश्यक है। विपक्षी दलों ने जो मुद्दे उठाये, वे प्रभाव पैदा नहीं कर पाये। चुनावी बांड का ही मुद्दा ले, इसमें संदेह नहीं कि चुनावी बांड से दिए जाने वाले चंदे का जो विवरण सामने आया है, उससे अनेक गंभीर सवाल खड़े हुए हैं, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जिन कंपनियों का नाम लेकर यह कहा जा रहा है कि मोदी सरकार ने उन पर अनुचित दबाव डालकर चंदा हासिल किया, उनमें से अनेक ने विपक्षी दलों को भी अच्छा-खासा चंदा दिया है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आप का उत्साह बढ़ेगा। आप अपने आपको भाग्यशाली अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको नए मौके मिलेंगे। जीवनसाथी से आपको प्यार और सम्मान मिलेगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचें। आप के सामने कुछ भावनात्मक चुनौतियां आएंगी। आप अपने भाई बहनों का सहयोग करेंगे। आज आप नया व्यापार शुरू करने का सोच सकते हैं। मीडिया संचार के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिलेंगे। आप किसी खुबसूरत जगह की यात्रा पर जा सकते हैं। यात्रा के दौरान आप अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आजअपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान देंगे।

वृष राशिः आपके लिए आज का दिन खुशहाल रहेगा। आपके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेगा। छात्रों की रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। करियर में नए अवसर मिलेंगे। लंबी यात्राओं के योग हैं। जिससे आपके व्यापार में लाभ होगा। आर्थिक रूप से मजबूती आयेगी। पारिवारिक जीवन से समस्याएं दूर होगी। आपको अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान देने की जरूरत है। आप कुछ नई योजनाओं पर काम करेंगे, जिससे अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। आप परिवार की खुशियों का पूरा ध्यान रखने की कोशिश करेंगे।

मिथुन राशिः आपके लिए सकारात्मक बदलाव लाने वाला दिन है। प्राइवेट सेक्टर में जॉब करने वाले लोगों को कोई अच्छा प्रोजेक्ट मिल सकता है। जिसमें आप अपनी पूरी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इससे आपको लाभ होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। विभिन्न स्रोतों से आमदनी बढ़ेगी। विशेष कार्य पर खर्चे भी हो सकते हैं। आप घर के रेनोवेशन के बारे में सोच सकते हैं। आपको किसी फंक्शन में जाने का मौका मिलेगा। वहां आपकी अन्य रिश्तेदारों से मुलाकात हो सकती है।

कर्क राशिः आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आपको किसी बड़े लाभ की प्राप्ति हो सकती है। आपको आध्यात्मिक कार्यों में आनंद आएगा। किसी कोर्ट केस का नतीजा आपके पक्ष में आने की संभावना है। आपके विरोधी कुछ परेशानियां खड़ी करने की कोशिश कर सकते हैं। आपके परिवारिक जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। आप परिवार के साथ छोटी मोटी यात्राओं पर जा सकते हैं। जिससे जीवन में खुशियां आएगी। कार्य क्षेत्र में आने वाली किसी भी चुनौती से पीछे नहीं हटेंगे।

सिंह राशिः आपके लिए सफलता दिलाने वाला दिन है। आपके सभी काम बनेंगे। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। जिसमें आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। कुछ कार्यों को लेकर आज भागदौड़ हो सकती है। आज पॉजिटिव सोच रखें। आपके वैवाहिक रिश्ते में अच्छी बॉन्डिंग बनेगी। परिवार का पूरा सपोर्ट मिलेगा। बिजनेस करने के लिए दिन अच्छा है, पूरी टीम में उत्साह दिखाई देगा। अच्छे लाभ की संभावना है। बिजनेस संबंधी कोई यात्रा हो सकती है। संतान की ओर से कोई गुड न्यूज़ मिल सकती है। जिससे आपको प्रसन्नता होगी।

कन्या राशिः आपके लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। नौकरी में बॉस का सहयोग मिलेगा। जिससे आपको काफी लाभ होने की संभावना है। साझेदारी के व्यापार में तालमेल अच्छा बना रहेगा। आपको किसी के माध्यम से धन लाभ हो सकता है। आपके परिवार में आनंद का वातावरण बना रहेगा। आपका सोशल सर्कल बढ़ेगा। बिजनेस रिलेटेड आपकी कोई यात्रा हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें खान-पान की आदतों में सुधार करें। आपके व्यवसाय में परिवर्तन होने की संभावना है।

तुला राशिः आपके लिए बदलाव लाने वाला दिन रहेगा। आज आपकी किसी अनुभवी व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। जिससे आपको अच्छा सहयोग मिलेगा। आपके व्यापार में लाभ होगा। किसी पारिवारिक आयोजन पर धन खर्च हो सकता है। ऐसा करना आपके पारिवारिक रिश्ते को और भी मजबूत बनाएगा। जीवनसाथी के साथ रिश्ते मधुर होंगे। अगर आप अविवाहित हैं तो विवाह के योग बन रहे हैं। आप किसी सामाजिक कार्य में भी सहयोग करेंगे। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी इलेक्ट्रॉनिक तथा हार्डवेयर से जुड़े लोगों के लिए लाभ की संभावनाएं हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहने वाला है।

वृश्चिक राशिः आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक सुख शांति बनी रहेगी। कार्य क्षेत्र में आपको आज ज्यादा काम मिल सकता है। आपको आपके कलीग्स से पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार करने को लाभ के योग हैं। पहले किए गए निवेश से फायदा होगा। प्राइवेट सेक्टर में काम करने को आर्थिक लाभ के संकेत हैं। आज आप अधिक उत्तेजित होने से बचें। पॉजिटिविटी लाने का प्रयास करें। छात्र कोई विदेशी भाषा सीखने का कोर्स कर सकते हैं। समय का सदुपयोग करें। दांपत्य जीवन में नई-नई खुशियां आएंगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखे। छात्रों को शिक्षा में पूर्ण सफलता प्राप्त होगी।

धनु राशिः आज के दिन आपकी पॉजिटिविटी बनी रहेगी। आज कार्य क्षेत्र में काम का दबाव रहेगा। आप समय पर कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपके करियर में प्रगति के योग हैं। खुद का व्यवसाय करने को अपने विरोधियों का सामना करना पड़ सकता है। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को विदेश में पढ़ने के अवसर मिलेंगे। अचानक खर्च बढ़ सकता है। किसी यात्रा पर जाने के योग हैं। पारिवारिक स्थिति अच्छी रहेगी। किसी संपत्ति को लेकर भाग दौड़ हो सकता है। शांति और विनम्रता से मुद्दों को हल करने की कोशिश करें।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपको नई नौकरी के लिए कोई ऑफर आ सकता है। पारिवारजनों के आपसी तालमेल बनाकर रखें। व्यापार करने के लिए अच्छे लाभ की प्रबल संभावना है। कहीं किए गए निवेश का अच्छा रिटर्न मिलेगा। विद्यार्थियों की रूचि खेलकूद में बढ़ेगी। आपको अच्छे धन लाभ के योग हैं। आज आपको परिवार और जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य का ख्याल रखें रूटीन चेकअप कराते रहें। घरेलू जीवन के लिए यह समय काफी अच्छा रह सकता है। आपके स्वभाव में धर्म के प्रति रुचि जाग्रत होगी।

कुंभ राशिः आपका दिन अच्छा बीतेगा। आप अच्छी रणनीति के साथ कार्यक्षेत्र का काम करेंगे। सहकर्मियों के साथ आपके तालमेल अच्छे रहेंगे। आप अपने जीवनसाथी के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। पारिवारिक खर्च बढ़ेंगे। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि रहेगी। आप परिवार के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर भी जा सकते हैं। व्यापारी वर्ग को अपने विरोधियों का सामना करना पड़ सकता है। अपनी योजनाएं दूसरों से साझा ना करें। रिसर्च कर रहे लोगों को विदेश जाने का मौका मिलेगा। अचानक कहीं से धन लाभ के योग हैं। स्वास्थ्य का विशेष रूप से ध्यान रखें। समय पर भोजन करें। नियमित योग और व्यायाम की आदत डालें।


मीन राशिः आज आपका दिन लकी रहेगा। किसी सिलसिले में विदेश यात्रा का मौका मिल सकता है। आपका मन अध्यात्म में लगेगा। कार्य क्षेत्र में कुछ चुनौतियां आ सकती हैं। आप अपनी समझदारी से आगे बढ़ेंगे, आपको लाभ होगा। आज आप अपने व्यापार को और बढ़ाने के लिए नया प्लान बनायेंगे, योजनाएं सफल होंगी। आज आपको किसी से बात करते समय अपनी भाषा पर नियंत्रण रखें। आज आप किसी भी मामले को बातचीत से हल करने का प्रयास करें। वैवाहिक जीवन में मधुरता रहेगी। बेहतर स्वास्थ्य के लिए अपने खानपान का ध्यान दें। आर्थिक दृष्टिकोण से यह समय आपके लिए अच्छा रहेगा।

व्यंग्य

# मैं 'फिक्स्ड' लेखक हूँ

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

लड़कियाँ यहाँ भी परेशान हैं। लड़कियाँ वहाँ भी परेशान हैं। गौर से देखिए तो लड़का होकर मैं भी परेशान हूँ। अब किस-किसकी चिंता करूँ यह समझ नहीं पा रहा हूँ। चिंता करने वाले एक जगह रुक जाते हैं। मैं चिंता नहीं करता इसीलिए यहाँ तक पहुँचा हूँ। दुनिया जानती है कि न मैं घुप्प अंधेरे में लड़की के जलाने पर लिखता हूँ और न ही दिन दहाड़े नंगा करके घुमाने पर। लड़के के पसंद के कपड़े न पहनने पर जिस लड़की को सरे राह मारा गया न उसके बारे में लिखता हूँ और न ही खुले चेहरे पर फेंके गए एसिड अटैक के बारे में। जर्सी पहन फुटबाल खेलने पर जिस लड़की को सताया गया न उस पर लिखता हूँ और न ही अकेले देश बाहर जाने के जुर्म में जो लड़की फलाने जेल में कैद हो गई उस पर। प्रेम करने के अपराध में जिस लड़की को संगसार किया गया न उस पर लिखता हूँ और न ही पति ने पीटकर जिस लड़की की हत्या कर दी उस पर। शादी के लिए राज़ी न होने पर जिस लड़की का गला रेंत दिया गया न उस पर लिखता हूँ और न ही शांति स्थापना के प्रयास में रास्ते पर उतरी जो लड़की मारी गई, उस पर। मैं तो पत्नी को खुश करने वाले पतियों के लिए नुस्खे लिखता हूँ। दांपत्य जीवन की खट्टी-मीठी नोक-झोंक पर चुटकी लेता हूँ। जीजा-साली के चुटकुले लिखता हूँ। कहने वालों ने तो इसी लेखन को सराहनीय और उम्दा लेखन कहा है। न इस समाचार पत्र को शिकायत न उस पत्रिका को। न जिंदों को शिकायत न मुर्दों को।






देखिए चिंता करने से कोई लाभ नहीं है। हम तो दुनिया में चमगादड़ की तरह जीते हैं। इसलिए हम वह सब नहीं लिखते जिससे जनता जागरूक हो। जनता जागरूक हो जाए तो भीड़ बन जाती है। और भीड़ बनने के खतरे तो हम जानते ही हैं। लोग हमें गुदगुदी करने वाला लेखक कहते हैं तो कहा करें। यह बात अपने अपने मन में रखे रहिए। हम हमारी जैसी लेखनी के अलावा किसी को नहीं बख्शते। लिखते रहिए। जो हमारे गुट का नहीं उसे 'चल बे फुट' कहने में देर नहीं लगाते। हम तो इनकी ऐसी क्लास लगायेंगे कि लिखना तो छोड़ो कलम की ओर देखने में इनकी रूह कांप उठेगी। हाँ अगर कोई अपना नज़र आ जाए तो उसे चने के झाड़ पर चढ़ा देते हैं। खैर हम तो फलां-फलां पत्र-पत्रिकाओं के फिक्स्ड लेखक हैं। इधर से हम रचना भेजते हैं, उधर से छपकर आ जाती है। इधर छपना उधर भजनमंडली का वाह-वाह करना शुरु हो जाता है। दल हमारा। प्रशंसा हमारी। किस पर कहना है किस पर नहीं इसकी मर्जी भी हमारी है। हम विरोधी की गाड़ी ही नहीं बढ़ने देंगे। वहीं खड़े घुर्र घुर्र करते रह जायेंगे। हम पहले से तय करते हैं कि इस बार इसको ताज पहनाना है। उस बार उसकी लाज ले लेनी है। हाँ, यह तय नहीं रहता कि कब मृदंग बजाना है कब तबला। इसलिए मैं किसी की चिंता नहीं करता हूँ। करूँ भी क्यों? खुद गुरु हमारे जीते जी अपने नाम का तमगा बांटकर खुश हो लेते हैं तो क्या मैं ऐसी रचनाएँ लिखकर उनकी वाह-वाही नहीं पा सकता? वैसे भी आज की वाह-वाही कल का इन्वेस्टमेंट है। कुछ समझेज़? नहीं समझे... ? अभी आप बच्चे हैं, समझने में टाइम लगेगा।

चिंतन

# मैं अब जीना नहीं चाहता,मुझे मौत चाहिए

किशन सनमुखदास भावनानी



वैश्विक स्तरपर करीब करीब हर देश में परिस्थितियों पारिवारिक सामाजिक व व्यसनों से व्यथित दुखों का अंबार लगा है, जिसमें व्यवस्थित होकर मानवीय जीव मौत को गले लगाने के लिए मजबूर हो जाते हैं।भले ही 20 मार्च 2024 को घोषित विश्व खुशहाली सूचकांक रिपोर्ट 2024 में फिनलैंड लगातार सातवीं बार दुनियां का सबसे खुशहाल देश घोषित किया गया है, याने खुशहाली में प्रथम रैंकिंग पर है और सबसे आखरी रैंकिंग याने 143 में नंबर पर अफगानिस्तान आया है और भारत 126 वें स्थान पर आया है,परंतु सोचने योग्य बात यह है कि क्या फिनलैंड में पारिवारिक स्थिति सामाजिक अपमान से व्यथित दुखों से पीड़ित मौत चाहने वाले लोग नहीं होंगे? मेरा मानना है कि दुनियां के हर देश में एक वर्ग मानव निर्मित समस्याओं से ग्रस्त दुखों से पीड़ित व्यक्ति होंगे जो मौत चाहने चाहते होंगे, उनमें जीवन जीने की इच्छा समाप्त हो गई होगी और कहते होंगे मैं अब जीना नहीं चाहता,मुझे मौत चाहि।कई बारहमने प्रिंटऔर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में पढ़ते सुनते हैं कि फलां व्यक्ति ने शासन प्रशासन से इच्छा मृत्यु के लिए आवेदन किया है,जो स्थानीय लेवल पर हे डलाइंस बन जाती है परंतु यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि वह ऐसा राजनीतिक स्टंट बाजी भी हो सकती है। परंतु इस विषय के अगर हम तह में जाएंगे तो हमें एक वर्ग ऐसा मिलेगा जो वास्तविक में पारिवारिक सामाजिक शासकीय आर्थिक या व्यसनों से पीड़ित मिलेगा जो मौत को गले लगाने की इच्छा रखता है। हालांकि कई लोग झट से आत्महत्या का कदम उठा लेते हैं जो कानूनी सामाजिक व पारिवारिक स्तरपर गलत काम है ऐसा नहीं करना चाहिए। परंतु यह भी सत्य है कि ऐसे लोगों की पहचान करके प्रोत्साहन देने वालों की भी कमी है इसलिए ऐसे मेरा मानना है कि,सामाजिक सेवा के रूप में ऐसे संगठनों,संस्थाओं में विस्तार किया जाए जो ऐसे लाचार व मौत को गले लगाने वाले लाचार व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें जीवन जीने की कला सिखाने उनके पारिवारिक सामाजिक व्यवस्थाओं की समस्याओं से पीड़ित व्यक्तियों की समस्याओं को दूर करने की कोशिश करें जिससे उनके जीवन में फिर जीवन जीने की इच्छा जागृत हो और अपनी खूबसूरत जिंदगी को पहचान कर उसे फिर जीने की इच्छा प्रबल हो जाए। वैसे बता दें कि कुदरत की माया में इंसानी जीव हाथ नहीं डाल सकता,जिसकी मौत जब और जहां निश्चित है वही होगी, यह कुदरत की देन है, इसे कोई संगठन संस्था शासन या फिर स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी भी रोक नहीं सकती, वह होके रहती है। चूंकि पारिवारिक सामाजिक व्यसनों से व्यस्त व्यक्ति मौत को गले लगाने की और तेजी से बढ़ रहे हैं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,परिस्थितियों दुखों पारिवारिक सामाजिक अपमान से व्यथित मौत चाहने वाले मानवीय जीव को समाज ने रेखांकित कर जीवन जीने को प्रोत्साहन करना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम खुदकुशी के तेजी से बढ़ते मामलों की ओर ध्यान दें तो, इन दिनों खुदकुशी के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में यह जानना बेहद जरूरी है कि आखिर क्यों लोगों के मन इस तरह के विचार आते हैं। साथ ही अगर वक्त से कुछ लक्षणों की पहचान कर ली जाए, तो समय रहते ऐसे इंसान को यह कदम उठाने से रोका जा सकता है। क्यों आते हैं आत्महत्या के ख्याल?आत्महत्या के हर मामले के पीछे कोई न कोई राज छिपा होता है? लेकिन हर आत्महत्या के पीछे एक वजह बेहद सामान्य होती है और वह है मन में दबी गहरी निराशा। खुदकुशी कोई मानसिक बीमारी नहीं है। इसके पीछे कई सारी वजहें हो सकती हैं, जिसमें डिप्रेशन, बाइपोलर डिसऑर्डर, पर्सनालिटी डिसऑर्डर, किसी घटना का गहरा असर और तनाव आदि शामिल है। अक्सर जीवन में आई कुछ परिस्थितियों की वजह से लोग हिम्मत हार बैठते हैं। उन्हें लगता है कि वह उन समस्याओं का सामना नहीं कर पाएंगे और ऐसे में वह घबराकर आत्महत्या को ही एकमात्र उपाय मान लेते हैं। लेकिन ऐसा करना कोई समाधान नहीं है। *अक्सर अपनों से मिली चोट लोगों को ज्यादा तोड़ देती है*

साथियों बात अगर हम खुदकुशी के संभावित लक्षणों पर ध्यान देने की करें तो, इन लक्षणों को कभी न करें नजरअंदाज,अक्सर हालातों से हार मान लेने वाले लोग आत्महत्या का रास्ता चुन लेते हैं। लेकिन वह ऐसा अचानक नहीं करते हैं। अवसाद या खुदकुशी के विचार से जूझ रहे लोगों में कई ऐसे लक्षण नजर आने लगते हैं, जिनकी अगर समय रहते पहचान कर ली जाए, तो उस व्यक्ति को बचाया जा सकता है।अगर आपके आसपास किसी शख्स में ये लक्षण दिखाई दें, तो उन्हें बिल्कुल भी नजर अंदाज न करें।(1)ऐसे लोग अचानक ही बात करते-करते खो जाते हैं या अचानक ही शांत रहने लग जाते हैं।(2)इन लोगों के व्यवहार में अचानक ही बदलाव आने लगते हैं, जैसे- बात-बात पर गुस्सा करना, मूड स्विंग होना, उदास और निराश रहना आदि (3) आत्महत्या का विचार बना रहे लोग अक्सर अपने करीबियों से मिलना चाहते हैं। ऐसे में वह बार-बार उनसे मिलने का दबाव बनाते हैं।(4)अक्सर अपनों से मिले धोखे या किसी चोट से टूटे लोगों के मन आत्महत्या जैसे विचार आने लगते हैं, जिसका मुख्य कारण अकेलापन है (5) जिंदगी से हार मान चुके लोग सोशल मीडिया पर पोस्ट डालना कम कर देते हैं।(6)ऐसे में लोग अगर पोस्ट शेयर करते भी हैं, तो भरोसा टूटने या दुखी वाले पोस्ट साझा करते हैं।वहीं, कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो अचानक ही बेहद (7)प्रेरणादायक पोस्ट डालने लगते हैं, ताकि वह सबको बता सकें कि सब कुछ ठीक है।(8)सबसे ज्यादा गौर करने वाली बात यह है कि ऐसे लोग, जो खुदकुशी का विचार बना रहे हैं, वह किसी दोस्त या करीबी से इसका जिक्र जरूर करते हैं। ऐसे में इन बातों को बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। डिप्रेशन की अवस्था में इस किस्म के विचार आते है,डिप्रेशन में आदमी का आत्मविश्वास खत्म होने लगता है,निराशा घेर लेती हैआदमी भविष्य के प्रति शंकित हो जाता है, इन परिस्थितियों में या गंभीर आर्थिक समस्याओं से घिरा व्यक्ति,अपने अत्यधिक प्रियजन की मृत्यु ऐसी परिस्थितियां है जिनमे आत्महत्या के विचार मन में आने लगते है,इसके लिए मनोचिकित्सक का इलाज,और आध्यात्मिक जीवन की ओर मुड़ना ही उपाय है। साथियों बात अगर हम सकारात्मक सोच से खुदकुशी मौत का रुख टालने की करें तो, यदि हम एक बार अपने माता पिता, जिन्होंने आपका पालन पोषण किया है, उनके बारे में सोचेंगे तो आपकी मरने की इच्छा नही होगी।क्या उन्होंने यह ही सोंच कर आपका पालन पोषण किया ?या आप अगर अपने भाई या बहन के बारे में सोंचेंगे तो आपकी फिर जीने की इच्छा कर जाएगी।या आप अपनी पत्नी/पति या बच्चों के बारे में सोचेंगे तो आपकी फिर जीने की इच्छा हो जाएगी।यह एक बहुत ही बड़ा फैसला होता है जो जल्दबाजी में कभी नही लिया जाता है। परन्तु हम उस स्तिथि में होते है कि अगर कोई सही बात भी कहता है तो हमें गलत लगती है इस कारण पूर्णतः सोंच समझकर यह फैसला करें क्योंकि हम स्वतंत्र भारत के एक स्वतंत्रनागरिक है, इस कारण हमको ऐसा करने से कोई नही रोक सकता है बस समझाया जा सकता है।हो सकता है यह बात हमारे समझ आयेगी।

साथियों बात अगर हम खुदकुशी या मौत की चाहना को आकांक्षाओं असीमित इच्छाओं से जोड़कर देखने की करें तो, मेरा मानना है कि मनुष्य के जीवन की धुरी उसकी आकांक्षाए असीमित इछाएं होती है,जिनके इर्द गिर्द सफलताओ को पिरोने का प्रयास किया जाता है।प्रयास एक लहर की भांति है ,जिनमें सफलता,असफलताओ का ज्वर भाटा निहित होता है।जब असफ़लता के वजन तले हमारी आकांक्षा घुटने लगती है ,तब हताशा के चलते हम अपने को ही नुक्सान पहुचाने की सोचने लगते है।इसमें कोई दो राय नहीं की हर आदमी के लिए उसकी समस्या बड़ी होती है। साथ ही कोई भी किसी दूसरे व्यक्ति के दुःख को पूर्णताः हल नहीं कर सकता।फिर भी स्मरण रहे की मनुष्य एक सामजिक प्राणी है,जिसका अर्थ है कि हम एकांकी नहीं रह सकते।हो सकता है असफल व्यक्ति के प्रति लोगो की भावना बदल जाए ,परंतु कुछ लोग हमारे जीवन में बिना स्वार्थ के भी होते है।कोई दोस्त, या भाई ,ऐसे मौके जब आप में आत्म हत्या की भावना आये तो फिर अकेले न रहे किसी कोने या कमरे में न बैठे ,कही अकेले न जाए बल्कि लोगो के बीच रहे।हममें अपने आप को मौका देने की ज़रूरत है।आत्मचिंतन व चिंता के फर्क को समझते हुए कदम उठाने की जरुरत है।क्या हम असीमित इच्छओं को उत्पन्न होने से रोक सकतें हैं??तर्कतज्ञ के अनुसार हम अपनी असीमित इच्छओं को उत्पन्न होने से बिल्कुल भी रोक नही सकतें। क्यों?? क्योंकि हमारी आँखे रंगों को विक्षेत कर नई-नई आकृति, ठोस रूप, तरल रूप, वाष्प रूप में नई-नईवस्तुओं का सृजन कर मस्तिष्क को जानकारी का स्त्रोत बना देती हैं, और फिर यहीं मस्तिष्क हमारे अवचेतन में असीमित इच्छओं को उत्पन्न करता हैं। हम इन्हीं असीमित इच्छओं के भार तले दब कर मौत तक का सफ़र तय करते हैं, तो क्या वास्तव में ये असीमित इच्छाएं ही हमारी मृत्यु का कारण होती हैं??जी हां! ये असीमित इच्छाएं ही हमारी मृत्यु का कारण होती हैं। क्या आप जानते हैं, समापन जैसी कोई चीज़ नहीं होती। इच्छाएं ही हमारे भोग का अस्तित्व हैं। इच्छाएं ही हमारे सम्बन्धों की नींव हैं, इच्छाएं ही मानव सभ्यता का उदार हैं। इच्छाएं ही बदलते समय का हिसाब हैं। फिर भला कैसे हमारी इच्छाएं हमारी मृत्यु की बजह हैं??इच्छाएं अपनी संख्यकीक रूप में मौजूद ही नही हैं। मतलब साफ़ हैं, इच्छाएं अनन्त समापन का स्वछ पहलू हैं। बिन इच्छओं के मानव सभ्यता का सृजन शून्य स्तर पर हैं। मानव सभ्यता की उत्पत्ति ही इच्छओं का दूसरा दर्पण हैं। दर समय दर मानव सभ्यता इच्छओंकी पूर्ति हेतु मस्तिष्क की जटिलताओं को सुलझाते हुए! एक नए मानव सभ्यता का उदय कर सकें। मृत्यु एक निश्चित अभ्यंतर पहलू हैं। इसे सीधे और सरल भाषा में समझा जाए। हमारा मस्तिष्क स्वभाव इच्छओं के लिए बाबला हैं। ये जानते हुए भी! की उसे इन इच्छओं के ख़ातिर पूरे जीवन भर बेइंतहा मेहनत करनी पड़ेंगी। किन्तु फिर भी हमारा मस्तिष्क इन इच्छओं के लिए रजामंदी हो जाता हैं। और फिर एक के बाद एक, ऐसी असंख्य अनेकों इच्छओं का भार उठता चला जाता हैं। कभी हँसकर, कभी स्वयं को बहलाकर, तो कभी डिप्रेशन का बोझ उठाकर।फिर क्या जब तक हमारे मस्तिष्क में सहने की ताकत होती हैं। तब तक ये इच्छओं का भार उठाता चला जाता हैं। किंतु जैसे ही मस्तिष्क डिप्रेशन का घर बनकर इच्छओं का भार समेटने की कोशिश में! अपनी इच्छा सीमाओं में बुझ कर मौत तक का सफ़र तय करता हैं। तो बेशक हमारी असीमित इच्छाएं ही हमें मौत तक का सफ़र तय करवातीं हैं हमारी जानकारी में एक स्वस्थ मस्तिष्क से ही! स्वस्थ शरीर का निर्माण संभव हैं। स्वस्थ मस्तिष्क ही हमारी ह्रदय गति को संतुलित रखने में मददगार हैं। और स्वस्थ ह्रदय ही हमारे पूरे शरीर की नींव हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मैं अब जीना नहीं- चाहता मुझे मौत चाहिए।पारिवारिक,सामाजिक व व्यसनों से व्यथित व्यक्ति मौत को गले लगाने की ओर परिस्थितियों दुखों,पारिवारिक सामाजिक अपमान से व्यथित,मौत चाहने वाले मानवीय जीव को समाज ने रेखांकित कर,जीवन जीने को प्रोत्साहित करना समय की मांग है।

# आदिवासियों को आपस में लड़ाकर अब मुर्गा लड़ाने चले कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 2 अप्रैल।** बस्तर संभाग में बड़े पैमाने पर आदिवासियों का धर्मान्तरण हुआ है और अभी भी जारी है। इसे लेकर आदिवासियों में वर्ग संघर्ष की स्थिति निर्मित होती रही है। इसकी झलक संभाग में कई बार देखने को मिली है। भूपेश बघेल सरकार में मंत्री रहे कवासी लखमा ताल ठोंककर दावा करते थे कि बस्तर में किसी का भी धर्मान्तरण नहीं हुआ है। ऐसा दावा कर एक तरह से लखमा दादी ने धर्मान्तरण करने और कराने वालों का पैरोकार बनने का प्रयास किया। वहीं अपनी परंपरा, संस्कृति और अस्तित्व के लिए चिंतित आदिवासियों को लखमा दादी के इस कथन ने बहुत ज्यादा ठेस पहुंचाई है। एक तरफ धर्मान्तरण का पैरोकार बने बैठे कवासी लखमा आदिवासियों की परंपरा में शामिल मुर्गा लड़ाई के मैदान पर जाकर अब खुद को आदिवासी संस्कृति और परंपरा का सबसे बड़ा हित रक्षक साबित करने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं। बस्तर के मूल आदिवासी इस चाल को अच्छी तरह से देख समझ रहे हैं।



इस बात में कोई दो राय नहीं हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासियों की आदिमकाल से चली आ रही परंपराओं, पूजा पद्धति और संस्कृति के संरक्षण के लिए अच्छी कोशिश की थी। बस्तर संभाग के गांव गांव में मातागुड़ी व देवगुड़ी निर्माण, घोटुल परंपरा को पुनर्जीवित करने, आदिवासी पर्व ङ्क त्यौहारों के आयोजन के लिए धन राशि उपलब्ध कराने में भूपेश बघेल सरकार ने कोई कंजूसी नहीं की थी। जगदलपुर के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रेखचंद जैन की पहल पर भी सैकड़ों मातागुड़ियों व देवगुड़ियों का जीर्णोद्धार हुआ है और नई मातागुड़ी व देवगुड़ियों का निर्माण भी हुआ है। मगर दुर्भाग्य की बात यह है कि जिन आदिवासियों के लिए यह सारा जतन किया गया, उनमें से बहुतेरे लोग अब इन मातागुड़ियों और देवगुड़ियों की ओर झांकना तक पसंद नहीं करते। इसकी एक ही वजह है धर्मान्तरण। ऐसे लोग आदिवासी तो हैं, लेकिन उनका मूल धर्म अब उनसे कोसों पीछे छूट चुका है। देवी देवताओं की वे न पूजा करते हैं और न आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का पालन। बस्तर संभाग की परंपराओं, संस्कृति और पूजा पद्धति पर ग्रहण लग चुका है। गांव ङ्क गांव में चर्च बन गए हैं। यह बात हम नहीं कह रहे हैं कि रोगों का ईलाज प्रार्थना से करने के झांसे में लेकर या दबाव डालकर आदिवासियों को धर्मान्तरित किया गया है, बल्कि आदिवासी समाज के बड़े नेता यह बात सैकड़ों बार सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं। प्रदेश की मौजूदा भाजपा सरकार में केबिनेट मंत्री केदार कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, बस्तर सीट से भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप समेत दर्जनों वरिष्ठ आदिवासी नेता छल प्रपंच, और प्रलोभन के सहारे धर्मान्तरण का आरोप लगाते हुए पहले की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते रहे हैं। तब ये लोग आरोप लगाते थे कि भूपेश बघेल सरकार ने धर्मान्तरण की खुली छूट दे रखी है। बीते कुछ माह पहले तक बस्तर के गांवों में मूल आदिवासियों और धर्मान्तरित हो चुके आदिवासियों के बीच आएदिन संघर्ष की स्थिति निर्मित होती रही है। शवों की अंतिम क्रिया को लेकर ऐसे हालात बनते रहे हैं। जब विधानसभा में धर्मान्तरण का मुद्दा उठता था, तब पूर्व केबिनेट मंत्री कवासी लखमा ताल ठोंककर कहते थे कि बस्तर में एक भी आदिवासी का धर्मान्तरण नहीं हुआ है।अब यही लखमा दादी आदिवासियों की संस्कृति की प्रतीक मुर्गा लड़ाई में शामिल होकर खुद को आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का सबसे बड़ा झंडाबरदार दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।

## एक नजर

### चुनाव आयोग ने बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त किए सामान्य प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षक

**सुकमा,2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आम निर्वाचन के लिए सामान्य प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। आयोग ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2006 बैच के हरियाणा कैडर के अधिकारी डॉ. जे. गणेशन को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया है। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रेक्षक श्री जे. गणेशन का दूरभाष क्रमांक 76470-42507 है, आमजनों के लिए जारी किया गया है। वहीं भारतीय पुलिस सेवा के 2010 बैच के उत्तरप्रदेश कैडर के अधिकारी श्री रामकिशुन को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। जिनका दूरभाष क्रमांक 76470-42502 है। इसके अलावा प्रेक्षक महोदय से प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक चुनाव से संबंधित शिकायत एवं सुझाव हेतु जगदलपुर के सर्किट हाउस में स्थापित अस्थाई कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### 8अप्रैल को बस्तर आएंगे मोदी चुनावी सभा को करेंगे संबोधित

**जगदलपुर 2 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नक्सलियों के गढ़ से प्रदेश में चुनावी शंखनाद करेंगे।



तय कार्यक्रम के अनुसार मोदी 8 अप्रैल को बस्तर आएंगे, जहां चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसे लेकर भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर 5 अप्रैल को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सभा भी बस्तर में हो सकती है। यहां बताना जरुरी होगा कि बस्तर लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है जिसके लिए कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत यहां झोंक दी है।

### शिक्षकों के प्रयास का नतीजा नवोदय में हुआ चयन

**नारायणपुर 2 अप्रैल।** प्राथमिक शाला बाकुलवाही में निरन्तर शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रतियोगी



परीक्षाओ की तैयारी का ही नतीजा है की कक्षा पाचवीं के छात्र लक्ष्य मंडावी का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छटवी के लिए हुआ है। प्राथमिक शाला में नवीन पदस्थापना के साथ ही सभी शिक्षकों के द्वारा नवाचार करते हुए एक कालखंड में नवोदय का अलग से लगातार पढाई कराते रहने एवं शिक्षको के द्वारा लगातार मॉडल टेस्ट के माध्यम से बच्चो को तैयारी कराते रहने से बच्चो में परीक्षा के पैटर्न को समझने के साथ साथ परीक्षा के प्रति डर को भी दूर करने में सफलता मिली है। संस्था से शिक्षक श्रीमती किरण देवांगन (प्रधान अध्यापक), राजेश्वर ध्रुव, विजय कुमार साहू, सन्नू राम गोटा, जितेन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा लगातार प्रयास किया जाता रहा है 7 साथ ही संकुल समन्वयक दासु राम नेताम का मार्गदर्शन शाला परिवार को लगातार प्राप्त होते रहा है। शाला में शिक्षको के द्वारा लगातार मॉडल टेस्ट लिया जाता रहा जिसका लाभ बच्चों में बहुत ही प्रभावशील तरीके से दिखा परीक्षा का पैटर्न समझना एवं परीक्षा का डर को दूर करने में बहुत सहायक लाभ मिला।

### एनएमडीसी बचेली का लौह अयस्क उत्पादन में नवीन कीर्तिमान

**बचेली 2 अप्रैल।** देश की सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी एनएमडीसी की प्रमुख लौह अयस्क



उत्पादक परियोजना बचेली ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में लौह अयस्क का रिकॉर्ड उत्पादन करते हुए उत्पादन व प्रेषण में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस वित्तीय वर्ष में 157.22 लाख टन आरओएम उत्पादन हुआ। वहीं एलसीएफ उत्पादन 160.97 लाख टन रहा। वर्तमान वित्तीय वर्ष की इस उपलब्धि की तुलना में पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वित्तीय वर्ष 2022-23 में आरओएम व एलसीएफ उत्पादन क्रमशः 147.16 लाख टन एवं 145.15 लाख टन था। निक्षेप क्रमांक 5 में आरओएम उत्पादन 93.37 लाख टन एवं एलसीएफ उत्पादन 97.00 लाख टन रहा। लौह अयस्क उत्पादन व प्रेषण में पिछला रिकॉर्ड वर्ष 2022-23 की तुलना में श्रेष्ठ उत्पादन करते हुए एनएमडीसी बचेली परियोजना ने यह नया कीर्तिमान रचा है। बचेली कॉम्प्लेक्स ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के अप्रैल, मई, जून, अगस्त, अक्टूबर, दिसम्बर, फरवरी तथा मार्च महीनों की अवधि में उत्कृष्ट मासिक प्रदर्शन करते हुए यह नवीन उपलब्धि अर्जित की है। बचेली कॉम्प्लेक्स ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में सड़क मार्ग से 16.37 लाख टन प्रेषण कर अब तक के किसी भी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि प्राप्त की है। परियोजना के प्रमुख श्री बी. वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक ने इस कीर्तिमान के लिए सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि आगामी वित्तीय वर्ष में भी बचेली परियोजना उत्पादन एवं उत्पादकता के नवीन आयाम छूकर उत्पादन एवं प्रेषण के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

# प्रत्याशी ने दो जिले का दौरा कर भाजपा के लिए मांगा समर्थन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 2 अप्रैल।** बस्तर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप ने सोमवार को कोंडागांव एवं नारायणपुर के करीब एक दर्जन गांव में जनसंपर्क किया। उन्होंने किबाई बालेंगा में स्थित बाबा भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा अर्चना की। नारायणपुर में मावली मन्दिर पहुँचकर माथा भी टेका। कुम्हारपारा, मुंजमेटा, गढ़ बेंगाल सहित अन्य कई गांव में पहुँचकर मांगा समर्थन एवं भाजपा को जिताने की अपील की। श्री कश्यप ने कहा कि देश हित धर्म हित में काम करने वाले व्यक्ति को प्रधानमंत्री पद पर बिठाना है, इसलिए भाजपा को जिताना है। डबल इंजन की सरकार बनेगी तब ही देश व राज्य सहित संभाग का विकास होगा हम सभी को अधिक मेहनत करते हुए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। श्री कश्यप ने कहा हम सभी को जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार है, एक मात्र राजनीतिक पार्टी का राज था, 60 वर्ष राज करने वाली एक मात्र पार्टी कांग्रेस ने एक ही नारा के साथ पूरे देश मे राज किया था कांग्रेस लाओ ग़रीबी हटाओ, लेकिन 60 साल में कभी कांग्रेस ने गरीबी नही हटाया।



मै सामान्य किसान परिवार का बेटा हूं, और मुझे पार्टी के द्वारा सांसद उम्मीदवार के रूप में उतारा है। लगातार गारंटी को पूरा करने वाले ऐसे देश के प्रधानमंत्री को पुनः हमे प्रधानमंत्री बनाना है, जिसके लिए आप सभी को सांसद चुनना पड़ेगा, आप अधिक से अधिक लोगो को भाजपा को वोट देने के लिए प्रेरित करे। आप सभी से आग्रह है की इस बार सांसद पद हेतु मुझे वोट कर दिल्ली में बस्तर का प्रतिनिधित्व करने का मौका दे जिससे मैं बस्तर की सभी मूलभूत सुविधाओं को ले कर बस्तर की आवाज दिल्ली में उठा सकूं।

नारायणपुर में लगभग दो दर्जन लोगो ने आज भाजपा प्रवेश किया। सभी का प्रत्याशी महेश कश्यप ने टिका लगाकर माला पहनाकर स्वागत किया श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ के आदिवासियों का कांग्रेस से मोह भंग हो चुका है इसलिए जहां भी जाता हूं बड़ी संख्या में लोग भाजपा में शामिल होते जा रहे है। श्री कश्यप ने दावा किया कि यही मतदान के दिन भी होगा भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ विजय प्राप्त करेगी। इस दौरान भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी समेत जिले एवं क्षेत्र के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उचित मूल्य की दुकान झलियारास में राशन वितरण में किया गया भ्रष्टाचार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 2 अप्रैल।** उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम पंचायत जीरमपाल के आश्रीत पारा अलियारास में उच्चित मूल्य की दुकान क्रमांक 472009035 में संचालको के द्वारा हितग्राहियों को 35 किलो चावल है कहकर 30 किलो चावल दिया जाता है ग्रामिण क्षेत्र होने के कारण हितग्राहियों को गुमराह कर पिछले 2.3 वर्षों से 35 किलो चावल कहकर 30 किलो चावल दिया जा रहा है और समय पर राशन नही दिया जाता है, और शक्कर, चन्ना. गुढ़ भी एक महिना का देते है और दूसरे महिने का नहीं देते है और चावल शक्कर चन्ना देते समय कोंटा मारकार कम दिया जाता है, महोदय जी खाली बोरा बेचने के समय राशन चावल, शक्कर, चन्ना समाग्री भी सुकमा ले जाकर बड़े व्यपारियों को बेचते है। महोदय जी उक्त राशन दुकान महिना का 18 या 20 तारिक को खोलते है और 25 तारिक को राशन दुकान बंद कर देते हैं, और 25 तारिक के बाद राशन लेने हितग्राहियी आते है तो राशन कार्ड धारियो को कहते है कि राशन वापस चले गया कहकर गुमराह करते है, और उस राशन को भी सुकमा व गादिरास लाकर बडे व्यपारियों को बेचते है, यह सब कृत्य 2 से 3 साल से राशन दुकान संचालक लोग करते आ रहे हैं, जिससे राशनकार्ड धारियों को उनका राशन नहीं मिल रहा है अथवा सरकार के फि राशन का लाभ आम जनता को नहीं मिल रहा है, जिससे विभाग व सरकार भी बदनाम हो रहा है अतः महोदय जी से सादर निवेदन है कि उचित मूल्य का दुकान जीरमपाल (झलियारास) के संचालक को तत्काल हटाते हुए । पूर्व की तरह ग्राम पंचायत को ऐजेंसी नियुक्त करने की कष्ट करें ।



# सायलेंसर को मोडीफाई कर बाइक चलाने वाले का पुलिस ने किया चालान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बचेली 2 अप्रैल।** जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के दिशा निर्देशन एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रामकुमार बर्मन एवं श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बचेली निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव के नेतृत्व में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त एवं नियमों का पालन करने तथा बढ़ते हुये वाहन दुर्घटना की रोकथाम हेतु बिना नंबर वाहनों, तीन सवारी एवं बिना हेलमेट मोटर सायकल एवं अन्य वाहनो के चालको के विरुद्ध कुल 348 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही करते हुये आज दिनांक 01.04.2024 को 01 मोटर सायकल चालक अरमान खान पिता कलामुद्दीन खान उम 22 वर्ष निवासी ओरा कैंप वार्ड क्रमांक 05 किरन्दुल के द्वारा मोटर सायकल के सायलेंसर को मोड़ीफाई कर चलाने से चालानी कार्यवाही की जाकर समंन शुल्क वसूला गया तथा वाहन चालको को यातायात नियमो का पालन करने समझाईश दिया गया। यातायात के नियमो का उल्लंघन करने वालो, बिना नंबर वाहनों, नाबालिग वाहन चालको, तीन सवारी एवं बिना हेलमेंट मोटर सायकल चालकों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस ने बाहर से आकर शहर में रहने व अशांति फैलाने वाले बदमाशों को भेजा जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 2 अप्रैल।** जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में अपराधों की रोकथाम एवं असामजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक श्रीमान गौरव राय जिला दन्तेवाड़ा के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी कपिल चंद्रा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू के नेतृत्व में किरंदुल पुलिस असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी तारतम्य में किरंदुल नगर में शराब सेवन कर रात्रि तक घुमने, नगरवासियों के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार कर हो-हल्ला करने व शहर में अशांति फैलाने वाले 03 बदमाशों क्रमशः - (01.) सम्राट हरिजन पिता सूरज हरिजन उम्र 27 वर्ष मूल पता मुर्ताहण्डी कोटपाड़ थाना चांदली जिला कोरापुट (उडीसा) हॉल- मलप्पा कैम्प करण हरिजन के घर किरन्दुल, थाना किरन्दुल, जिला- दंतेवाड़ा (छ.ग.)। (02.) सागर बिनीया उर्फ सोनू पिता सदानंद बिनीया उम्र 25 वर्ष निवासी- पुराना भठटीपारा वार्ड के 07 किरन्दुल, थाना किरन्दुल, जिला दंतेवाड़ा (छ0ग0)। (03.) सिनू रेड्डी पिता राजाराम रेड्डी उम्र 29 वर्ष निवासी- नया मुण्डा जगदलपुर, हॉल- गजराज कैम्प वार्ड क.03 किरन्दुल, थाना किरन्दुल, जिला दंतेवाड़ा (छ.ग.) के विरुद्ध धारा- 151 जा.फौ. के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।



## समाचार संक्षेप

### चुनाव आयोग के नियुक्त सामान्य प्रेक्षकने ली नोडल अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों की बैठक



**सुकमा,2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर (अजजा ) के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे. गणेशन ने सोमवार को व्यय अनुवीक्षण और मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण, एफएसटी,एसएसटी वीएसटी, एमसीसी के नोडल अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन दायित्व के सभी नोडल अधिकारियों से परिचय प्राप्त की और निर्वाचन सम्बन्धी सौंपे गये दायित्वों की विस्तृ जानकारी ली । इसके साथ ही सभाकक्ष में उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, विडियो अवलोकन दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के सदस्यों को निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक डॉ.गणेशन ने कहा कि स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों के लिए निर्वाचन व्यय की सीमा निर्धारित की गई है तथा इन सभी दलों और समितियों के समन्वित कार्य, प्रभावी निगरानी और त्वरित कार्यवाही के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में आयकर विभाग, आबकारी विभाग, बैंक और पुलिस बल के जवानों के माध्यम से सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से परिपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस.एस द्वारा सामान्य प्रेक्षक को जिले में निर्वाचन सम्बन्धी तैयारी से अवगत कराते हुए मतदान दलों के प्रशिक्षण,स्ट्रांग रूम की व्यवस्था,मतदान सामग्री वितरण और मतदान दलों की रवानगी,मतदान पश्चात मतदान दलों की वापसी एवं ईव्हीएम तथा अन्य मतदान सामग्री वापसी सम्बन्धी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में पुलिस ऑब्जर्वर श्री रामकिशुन,पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत श्री लक्ष्मण तिवारी,डीएफओ श्री अशोक कुमार पटेल, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेंद्र ठाकुर सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े नोडल अधिकारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 18 मई को होगी चयन परीक्षा

**सुकमा, 2 अप्रैल।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत कक्षा 6 वीं में सीधे प्रवेश हेतु आगामी 18 मई 2024 को चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। उक्त चयन परीक्षा के लिए लिंक http://eklavya.cg.nic.in के माध्यम से 18 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। इस निर्धारित तिथि तक भरे गए ऑनलाइन आवेदन पत्रों में 19 से 26 अप्रैल 2024 तक त्रुटि सुधार किया जा सकता है। उक्त सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in अथवा जिले के कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। जिले के अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा, कोंटा एवं छिंदगढ़ में संचालित विद्यालयों में विद्यालयों में प्रवेश चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा छठवीं में प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए बालक एवं कन्या आश्रम में प्राथमिक शालाओं में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रवेश हेतु ऑनलाइन फॉर्म भरवाने तथा चयन परीक्षा के पूर्व आवासीय कोचिंग क्लास दिया जाएगा। बच्चों को कोचिंग विकासखण्ड कोंटा में बालक आश्रम सामसेट्टी, कन्या आश्रम कांकेरलंका, कन्या आश्रम जगरगुंडा (पोलमपल्ली), कन्या आश्रम नागलगुंडा (दोरनापाल),बालक आश्रम कोंटा, कन्या आश्रम मरईगुड़ा, कन्या आश्रम लेंडीरास, विकासखंड सुकमा में शासकीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झापरा, बालक आश्रम गिरदालपारा,छिंदगढ़ विकासखण्ड में बालक आश्रम तोंगपाल, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास कुकानार, प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास छिंदगढ़, हाईस्कूल तालनार में प्रदाय किया जाएगा।

### सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में मतदान दलों का किया गया द्वितीय रेण्डमाइजेशन

**सुकमा , 2 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर (अजजा ) हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे. गणेशन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे. गणेशन ने बताया कि मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों का विभिन्न चरणों में रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के पश्चात् स्ट्रांग रूम में अलग-अलग कक्षों में रखे गए बैलेट यूनिट,कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट का अवलोकन कराया गया। कलेक्टर श्री हरिस.एस द्वारा स्ट्रांग रूम का अवलोकन कराने के साथ ही चुनाव से संबंधित अन्य गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस दौरान पुलिस आब्जर्वर श्री रामकिशुन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेंद्र ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, कोंटा एसडीएम श्री सबाब खान तथा अन्य अधिकारियों सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



## ‘स्वच्छता शपथ’ तथा ‘एकल उपयोग प्लास्टिक पर नियंत्रण’ विषय पर जागरुकता वार्ता के साथ हुआ

# एनएमडीसी बचेली कॉम्प्लेक्स में स्वच्छता पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 2 अप्रैल।** एनएमडीसी लिमिटेड बचेली कॉम्प्लेक्स में दिनांक 31 मार्च को स्वच्छता पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। परियोजना के कार्मिक विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख श्री बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक के करकमलों से विभिन्न प्रतिभागी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। एनएमडीसी लिमिटेड बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स ने दिनांक 16 मार्च से 31 मार्च तक



अपने प्रधान कार्यालय के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका आरंभ दिनांक 16 मार्च को ‘स्वच्छता शपथ’ तथा ‘एकल उपयोग प्लास्टिक पर नियंत्रण’ विषय पर जागरुकता वार्ता के साथ हुआ था। इस अवधि में स्वच्छता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा की अवधि में स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करने के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों और टाउनशिप के अन्य स्थलों की साफ सफाई हेतु क्लीनलीनेस ड्राइव, विभिन्न प्रतियोगिताएं यथा; नारा लेखन, निबंध लेखन, अवेयरनेस टॉक आदि के आयोजन किया गया। सवच्छता पखवाड़ा की अवधि में आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों में एनएमडीसी बचेली परियोजना के विभिन्न कर्मचारियों व अधिकारियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। दिनांक 31 मार्च को स्वच्छता पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में अपने उद्बोधन में अधिशासी निदेशक श्री बी वेंकटेश्वरलु ने स्वच्छता के प्रति सजग रहने सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि हमें अपने कार्यस्थल की स्वच्छता के प्रति भी प्रतिबद्ध रहना चाहिए। हमें बच्चों को ऐसे संस्कार देने चाहिए कि वे स्वच्छता के महत्व को समझें।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (वर्क्स) श्री रबिंद्र नारायण, श्री पी रामय्यन, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन) एवं श्री धर्मेंद्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक) ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए स्वच्छता के महत्व पर विशेष बल दिया। इस समारोह में अधिशासी निदेशक श्री बी वेंकटेश्वरलु, श्री रबिंद्र नारायण, परियोजना प्रमुख (वर्क्स), श्री पी रामय्यन, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), श्री टी शिव कुमार, महाप्रबंधक (खनन) / खान प्रबंधक, श्री धर्मेंद्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक) तथा विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

एक नजर

## सीएमएचओ ने वृद्धाश्रम एवं जतन केन्द्र का किया औचक निरीक्षण



**रायगढ़, 2 अप्रैल।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वी.के.चंद्रवंशी ने बोईरदादर वृद्धाश्रम एवं जतन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में 65 मरीज व असीम छाया वृद्धाश्रम में 12 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने 77 मरीजों का रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र परीक्षण, समस्त शारीरिक परीक्षण की जाँच कर उन्हें खान-पान व स्वच्छता के बारे में सलाह दी। जतन केंद्र में निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित पाये गये। जहां फिजियोथैरेपी सेंटर में 33 मरीज उपचारत थे। सीएमएचओ ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल की साफ-सफाई निर्धारित ड्रेस कोड में रहकर अपनी सेवा देने का निर्देश दिए। उन्होंने बढ़ती गर्मी को देखकर मरीजों के परिजनों एवं समस्त जिलेवासियों को लू से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जब भी आप घर से बाहर जाएं तो खुद को हाइड्रेटेड रखें। अपने साथ पानी का बोतल और छाता लेकर चलें, बच्चों को दिन में 2 से 3 लीटर पानी व 18 वर्ष से अधिक वालों को 5 से 6 लीटर पानी का सेवन करना चाहिये। बहुत देर तक बाहर धूप और गर्म हवा में घूमने से बचे, गर्भवती महिला, बच्चों और बुर्जुगों को धूप में बाहर न भेजें एवं दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में निकलने से बचे।

## विधानसभावार मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण 6 अप्रैल तक

**रायगढ़, 2 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण रायगढ़ विकासखंड में दिनांक 3 अप्रैल से 6 अप्रैल तक तथा अन्य सभी विकासखंड में दिनांक 2 से 6 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 15-लैलूँगा अन्तर्गत दिनांक 2 से 5 अप्रैल तक प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल लैलूंगा एवं शास बालक उ.मा.वि.तमनार में विकासखंडवार होगी। इसी प्रकार विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ़ में 3 से 6 अप्रैल तक केन्द्रीय विद्यालय रायगढ़ में प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक तथा शा.उ.मा.विद्यालय औरदा में 2 से 5 अप्रैल तक प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

विधान सभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया अन्तर्गत 2 से 5 अप्रैल तक शास.एम.जी.कॉलेज खरसिया में प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगा। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़ में 2 से 5 अप्रैल तक प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल धरमजयगढ़ एवं स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल घरघोड़ा में विकासखंडवार प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स को प्रशिक्षण कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से अपेक्षा की है कि वह डायरी, पेन सहित समय से उपस्थित होगें और पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। कोई जिज्ञासा होने पर प्रश्न अवश्य करें और ईवीएम वीवीपैट का हैंड्स ऑन ट्रेनिंग अवश्य करें।

## मतदान दलों का प्रशिक्षण 8,9,12 एवं 13 अप्रैल को

**बीजापुर 2 अप्रैल** । लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए समस्त मतदान दलों का गठन आयोग के निर्देशानुसार कर द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 8 एवं 9 अप्रैल को तथा तृतीय चरण का प्रशिक्षण 12 एवं 13 अप्रैल को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित होगा।

प्रशिक्षण उपरोक्त दिवसों में प्रातः 10:30 बजे से सायं 04:00 बजे तक आयोजित प्रत्येक चरण के प्रशिक्षण में कुल 775 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण लेंगे। जिसमे पीठासीन अधिकारी ,मतदान अधिकारी क्रमांक 1,2 एवं 3 शामिल होंगे।

# आम लोग सी-विजिल एप से कर सकेंगे आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

### शिकायत पर 100 मिनट के अंदर होगी कार्रवाई

**रायगढ़, 2 अप्रैल।** स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में नागरिकों की भागीदारी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा निर्वाचन-2024 में भी सी-विजिल ष्ट-ङ्कद्बद्दद्बद्य मोबाइल एप लेकर आया है। इस एप के जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की गतिविधियों या घटनाओं की शिकायत चंद मिनटों में दर्ज करा सकता है। जिले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त होने पर समय-सीमा में कार्रवाई की जाएगी। सी-विजिल मोबाइल एप पर शिकायत प्राप्त होने पर उडनदस्ता (एफ.एस.टी.) तुरंत मौके पर पहुँच कर जरूरी कार्रवाई करेगा।

इस एप के माध्यम से आने वाली हर शिकायत पर 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। इसमें शिकायतकर्ता शराब, पैसे बांटने या आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत सी-विजिल ऐप पर कर सकते हैं। इसमें शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा। 100 मिनट में शिकायत पर एक्शन होगा। ऐप पर फोटो अपलोड करना होगा। शिकायतकर्ता को यह भी लिखने की जरूरत नहीं होगी कि वह कहां है। यानी इस ऐप के जरिए मतदाता भी निगरानी कर सकते हैं। ऐप के माध्यम से मतदाता फोटो और वीडियो के साथ यदि कहीं कोई गड़बड़ी हो रही हो उस स्थान की लोकेशन भी भेज सकते हैं और लिखकर पूरी जानकारी उपलब्ध करवा सकते हैं।

**ऐसे काम करता है यह ऐप**

यह एप एंड्रॉयड और आईओएस, दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। एंड्रॉयड यूजर इसे गूगल प्ले स्टोर से और एपल यूजर एप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इंस्टॉल करने पर कैमरा, लोकेशन और ऑडियो और फाइल्स एक्सेस करने की अनुमति मांगी जाती है। इसके बाद भाषा चुनने का विकल्प मिलता है जहां आप हिन्दी या अंग्रेजी भाषा का चयन कर सकते हैं। इसके बाद आपको अपना मोबाइल नंबर लिखना होगा, जिस पर एक ओटीपी आएगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद आपको अपने नाम, पता, राज्य, जिला, लोकसभा क्षेत्र और पिन कोड की जानकारी देनी होगी। ये जानकारियां देने के बाद आपको वेरिफाई पर क्लिक करना होगा। इसके बाद एप का होम पेज खुल जाएगा, जहां आपको फोटो, वीडियो और ऑडियो के विकल्प मिलेंगे। आप जिस भी माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवाना चाहते हैं।

## स्कूल संचालन के समय में परिवर्तन

**रायगढ़, 2 अप्रैल।** छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय द्वारा जारी आदेशानुसार 1 से 30 अप्रैल तक शाला संचालन के लिए समय निर्धारित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि एक पाली में संचालित समस्त शालाएं प्रातः 7.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित होंगी।

इसी तरह दो पालियों में संचालित समस्त शालाएं जिनमें प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला की कक्षाएं-प्रातः 7.30 बजे से 11.30 बजे तक एवं हाई एवं हायर सेकेण्डरी शाला की कक्षाएं प्रातः 11.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक संचालित होगी।

## बाहरी लोगों के आने से बीजापुर में बढ़ रही है आपराधिक गतिविधियां: जग्गू तेलामी



**बीजापुर, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । रविवार को तुमनार रोड में आईटीआई के पास एक नाबालिग युवती का शव पेड़ पर लटकता मिला था। परिजनों ने युवती की आत्महत्या को संदिग्ध बताते हुए सर्व आदिवासी समाज के माध्यम से उच्च स्तरीय जांच कराने तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने बताया कि सर्व आदिवासी समाज का एक प्रतिनिधि मंडल मृतिका के घर पहुंच कर अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल हुआ तथा घटना की जानकारी जुटाई गई है। जग्गू राम तेलामी ने बताया कि मृतिका (17 वर्ष) निवासी चिन्नाकोड़ेपाल की रहने वाली है तथा यहां बीजापुर में अपनी मौसी के यहां रहती थी। परिजनों के अनुसार शनिवार को किसी से फोन में बात करके घर से निकली थी और एक बजे के करीब अपनी सहेली से बात कर फोन काट दिया था। जिसके बाद से उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा था। रविवार को परिजनों को सूचना मिली की तुमनार रोड कोकड़ा पारा के पास शव लटका हुआ है। जग्गू राम तेलामी ने कहा कि बीजापुर में परदेशियों की बढ़ती संख्या के चलते जिले अपराधिक घटनाएं बढ़ गई हैं। आदिवासी युवतियों को कथित तौर पर प्रेमजाल में फंसा कर उनके इज्जत आबरू के साथ खिलवाड़ के साथ शादी का झांसा देकर उनकी जमीनों पर कब्जा जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही है। जग्गू राम तेलामी ने कहा कि सर्व आदिवासी समाज बीते वर्षों में यहां फर्जी तरीके से आदिवासी जमीनों के मालिक बने बैठे लोगों की जांच के साथ 17 वर्षीय आदिवासी युवती के आत्महत्या मामले में जल्द कार्रवाई करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करता है।

## महाश्वेता स्कूल सुपेला में कक्षा 8 वी के विद्यार्थियों को दी विदाई



**भखारा, 2 अप्रैल।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 अप्रैल को महाश्वेता माध्यमिक शाला सुपेला में कक्षा 8 वी के विद्यार्थी की विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रधान पाठक हितेंद्र कुमार साहू के उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उनके द्वारा कक्षा 8 वी के छात्र-छात्राओ को आने वाली भविष्य के लिए मार्गदर्शन क्रिया तथा शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधान पाठक हितेन्द्र कुमार साहू,राजेश दुबे(शिक्षक) झानेन्द्र कुमार शिक्षक,कु. कुलेश्वरी साहू,डिलेश्वरी विश्वकर्मा, चित्ररेखा साहू,तृप्ति सिन्हा एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे ।

## शराब नीति से भाजपा का असली चेहरा आया सामने:विनोद चंद्राकर

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल के दौरान प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी की मांग को लेकर हल्ला मचाने वाले भाजपाई आज मौन साधे बैठे हैं। प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही भाजपा के तमाम छोटे-बड़े नेता खामोश हैं। छत्तीसगढ़ में साय सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए शराब से 11 हजार करोड़ रुपए का राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा है। अहाता के लिए जो दरें तय की गई थीं, उनसे पांच गुना अधिक राशि पर टेंडर निकाला गया है। चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में सभी भाजपाई प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी की मांग कर रहे थे। अब जब प्रदेश में उनकी (भाजपा) सरकार है। तब उन्हें किस बात का इंतजार है। केंद्र व प्रदेश में डबल इंजन के



सरकार वालों को तत्काल प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी करनी चाहिए। लेकिन, शराब में कमाई का लक्ष्य बढ़ाकर तथा दुकानों में शराब की वेरायटी बढ़ाकर प्रदेश में पहले से और अधिक शराब बिक्री का लक्ष्य भाजपा ने रखा है। प्रदेश की जनता के सामने भाजपा का असली चेहरा उजागर हो गया है। जुमलेबाज सरकार प्रदेश के आधी आबादी को शराब परोसने की तैयारी कर रहा है।चंद्राकर ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने ही पूर्व मंत्री, विधायकों की बात को अनसुना कर रहे हैं। विगत 29 जनवरी 2024 को रायपुर के इनडोर स्टेडियम में आयोजित कंवर महोत्सव में भाजपा के पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर ने सभा को संबोधित करते हुए सीएम साय के समक्ष कहा था कि महिलाएं उनसे शराबबंदी की मांग को लेकर मिलने पहुंचती हैं, तो उनका सर शर्म से झुक जाता है। पूर्व गृहमंत्री ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से प्रदेश में तत्काल पूर्ण शराबबंदी को लेकर कदम उठाने की मांग की थी। लेकिन, सीएम विष्णुदेव साय ने उनकी बातों को अनसूना कर दिया तथा अपने भाषण में शराबबंदी का जिक्र तक नहीं किया था। तभी इनकी नीति व नीयत का पता चला कि 5 साल शराबबंदी की मांग को लेकर कौव्वे की तरह कांव-कांव करने वाले भाजपाई अपनी सरकार आते इस मुद्दे पर मौन है।

## साइबर ठग गिरोह का किया पर्दाफाश

**भिलाई, 2 अप्रैल।** भिलाई दुर्ग पुलिस ने एक ऐसे अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है जिसने झांसी से एक बिल्डर्स के तीसरे माले में स्थित एक अपार्टमेन्ट में बैठकर बुजुर्ग को शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 1 करोड़ 29 लाख की धोखाधड़ी की है। गिरोह इतना शातिर है कि लोगों के पर्सनल डाटा परचेश कर मोबाइल के माध्यम से रकम निवेश करने का झांसा देता था। आरोपियों ने छद्?म नाम से टेलीफोनिक बातचीत कर अत्यधिक लाभ का झांसा देकर फर्जी खातों में रकम जमा करवाए। वहीं गिरोह ने ठगी की रकम से वाहन, सोने के आभूषण भी खरीद लिए थे दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि एक विशेष टीम निरीक्षक अम्बर सिंह के नेतृत्व में भोपाल के लिए रवाना किया गया। आरोपियों की उपस्थिति लगातार भोपाल से ग्वालियर, शिवपुरी, इंदौर फिर झांसी में होना पता चला, जिसके आधार पर टीम झांसी पहुंचकर आरोपियों की पतासाजी की। इसी दौरान स्थानीय स्तर पर पता करने पर झांसी स्थित सर्व नगर में चावड़ा बिल्डर्स के अपार्टमेंन्ट में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की उपस्थिति का होना पता चला। प्रकरण से संबद्ध मोबाइल नम्बरों का लोकेशन भी उसी स्थान पर पाये जाने से टीम चावड़ा बिल्डर्स के तीसरे माले में स्थित एक अपार्टमेन्ट को चिन्हित कर दबिश दी। जहां आकाश चौहान, अमित यादव, गौरव सिंह परमार, दिग्विजय सिंह बुंदेला, शिवम यादव एवं बाबू रैंकवार को पकड़ा गया, जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन व सिम कार्ड प्राप्त हुआ ऐसे बनाया ठगी का शिकार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) अभिषेक झा ने बताया कि 18 मार्च को रोहित बघेल (62 वर्ष) निवासी आदर्श नगर दुर्ग थाना पद्मनाभपुर ने उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट दर्ज करायी कि आर. के. टेक्नालॉजी कम्पनी के कर्मचारी सिद्धार्थ सक्सेना ने शेयर बाजार में ट्रेडिंग के नाम पर डी-मेट एकांउट खुलवाकर कुल रकम 1 करोड़ 29 लाख रूपए शेयर में निवेश कराने का झांसा देकर धोखाधड़ी की है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पद्मनाभपुर में धारा 420, 467, 468, 471, 406, 34 कायम कर विवेचना में ली गई पूछताछ पर आरोपियों ने धोखाधड़ी की घटना में फरार आरोपी मास्टर माइंड जितेन्द्र परमार एवं यशवर्धन सिंह परमार डायरेक्टर होना बताया, जिनके द्वारा धोखाधड़ी करने के लिए बैंक खाते, सिम कार्ड, मोबाइल फोन, कम्प्यूटर सिस्टम एवं ठगी की घटना को अंजाम देने के लिए लोगों के पर्सनल डाटा उपलब्ध कराना बताया गया। शहर एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि प्रार्थी के मोबाइल पर आने वाले नम्बरों एवं ट्रेडिंग कार्य को संचालित करने के लिए पैसों के लेने देन में उपयोग होने वाले बैंक एकाउण्ट के डिटेल एकत्रित किए। ठगी में उपयोग किये गए विभिन्न बैंकों के खातों का स्टेटमेंट प्राप्त किया गया। घटना को अंजाम आरोपियों ने उत्तर प्रदेश के झांसी शहर में रहकर की थी। पैसों का आहरण एक खाता से दूसरे खाता में जमा कराया जाकर मध्यप्रदेश के छत्तरपुर, ग्वालियर, राजनगर, भोपाल, झांसी (उ.प्र.) से एटीएम के माध्यम से रकम की निकासी की जाती रही। आरोपियों के कब्जे से सामान जब्त आरोपियों के कब्जे से विभिन्न कम्पनियों के 17 मोबाइल फोन, चार्जस व सिंम, 19 पृथक से सिम, विभिन्न बैंकों के 09 नग एटीएम कार्ड, 01 पास बुक, वोटर आईडी कार्ड, पेन कार्ड, ठगी की रकम से खरीदे गये ।वाहन, सोने के आभूषण एवं नगदी रकम 17500 रूपए बरामद किया गया। इन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा आकाश चौहान उर्फ लक्की (23 वर्ष) निवासी ग्राम बक्तरा, जिला सिहोर मध्यप्रदेश, अमित यादव (25 वर्ष) निवासी सतगुआ, पोस्ट लेधोरा, जिला टीकमगढ़ मध्यप्रदेश, दिग्विजय सिंह बुंदेला (28 वर्ष) निवासी रनगंवा थाना बहमिठा जिला छतरपुर मध्यप्रदेश, शिवम यादव (24 वर्ष) निवासी नाउपहरिया जिला छतरपुर मध्यप्रदेश, बाबू रैकबार (24) वर्ष) निवासी पोस्ट थाना हरपालपुर मध्यप्रदेश व गौरव सिंह परमार (24 वर्ष) निवासी पोस्ट हरपालपुर जिला छतरपुर मध्यप्रदेश हैं।



## एनएमडीसी के फौलादी इरादों ने वित्तीय वर्ष 24 में 45 मिलियन टन का उत्पादन किया

**हैदराबाद, 2 अप्रैल ।** भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी अब 45 मिलियन टन का आंकड़ा पार करनेवाली देश की प्रथम खनन कंपनी बन गई है। इस रविवार को समाप्त हुए वित्तीयवर्ष में कंपनी ने लौह अयस्क का 45.1 एमटी उत्पादन और 44.8 एमटी बिक्री कर वित्तीयवर्ष 24 में अभूतपूर्व आँकड़े प्राप्त किए हैं। राष्ट के नवरत्न के रूप में एनएमडीसी ने अपनी योग्यता सिद्ध करते हुए वित्तीयवर्ष 2023 की तुलना में उत्पादन में 10त्न और बिक्री में 16त्न की वृद्धि की है । उद्योग की अग्रणी कंपनी एनएमडीसी ने अपनी स्थापना के बाद अब तक का सर्वश्रेष्ठ भौतिक प्रदर्शन कर भारत की लौह और इस्पात अर्थव्यवस्था के भविष्य को प्रेरित किया है। सरकारी खनन कंपनी ने वित्तीयवर्ष 2024 की चौथी तिमाही में 13.31 एमटी उत्पादन और 12.54 एमटी बिक्री दर्ज की है, जिसमें मार्च 2024 माह में 4.86 एमटी उत्पादन और 3.96 एमटी बिक्री शामिल है। इस रिकार्ड को स्थापित करने के क्रम में, एनएमडीसी की प्रमुख लौह अयस्क खाने - छत्तीसगढ़ में किरंदुल और बचेली तथा कर्नाटक में दोणिमलै ने कंपनी के इतिहास में अपना सर्वोच्च वार्षिक उत्पादन किया है। पैलेट उत्पादन में आने वाली बाधाओं का समाधान किया गया, जिससे कि कंपनी की अधिकतम पैलेट उत्पादन मात्रा 2.65 लाख टन को प्राप्त किया गया। क्षमता वृद्धि की दिशा में रणनीतिक कुशलता दिखाते हुए, एनएमडीसी ने वित्तीयवर्ष 2024 के लिए निर्धारित रू.1769 करोड़ के कैपेक्स लक्ष्य की तुलना में रू.2014 करोड़ के व्यय के साथ कैपेक्स के लक्ष्य को भी पीछे छोड़ दिया है। इन उपलब्धियों को हासिल करने में, कंपनी को माननीय उच्चतम न्यायालय और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से आवश्यक अनुमति प्राप्त हुई है और परिणामस्वरूप वित्तीयवर्ष 24 के दौरान पन्ना, मध्य प्रदेश की अपनी हीरा खनन परियोजना में परिचालन कार्य पुनः प्रारंभ किया है । अपनी टीम को वित्तीयवर्ष 24 के शानदार प्रदर्शन पर बधाई देते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा कि ÷45 एमटी को पार करने से एनएमडीसी की विरासत को सही अर्थों में सम्मान और समृद्धि प्राप्त हुई है । इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमने अपने उद्योग की कठिनता का सामना किया है, अपनी तकनीकी और डिजिटल मजबूती बढाई है, अपने वित्तीय लचीलेपन को सुदृढ किया है और अथक परिश्रम किया है। आगे, हमारी दिशा - नवाचार, सुस्थिरता, साझा उद्देश्य और 100 मिलियन टन के मजबूत भविष्य की ओर जाती है।



## स्वच्छता दीदीयों ने नुक्कड़ नाटक से दिया मतदान का संदेश

**महासमुंद 2 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री एस आलोक(जिला नोडल स्वीप) के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।, इसी तारतम्य में आज स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छता दीदीयो ने स्थानीय मोती उद्यान, एवं लोहिया चौक में मतदाता जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों को यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि प्रत्येक मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और राष्ट निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करे। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने दर्शकों को मतदान का महत्व और उपयोगिता बताते हुए शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान मतदाताओं को शपथ दिलाई गई कि वे किसी के लोभ लालच में आए बिना 7 मई को ईमानदारी के साथ अपने मताधिकार का उपयोग कर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श,राष्टीय शहरी अजिविका मिशन की ममता बग्गा,रमा महानंद, हेमलता शर्मा, प्रिया दुबे, भूमिका अहम रही।

# राज्य की जनता से जो वादा किया,उसे तीन माह में पूरा किया:ओपी चौधरी

**रायगढ़, 2 अप्रैल।** नगर के मंगलम विवाह घर में आज लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमे मतदान केंद्र से आए हजारों कार्यकर्ताओं ने अपने नेताओं से मार्गदर्शन लिया। कार्यकर्ताओं की उमड़ी संख्या बल से यह बात सिद्ध हो रही है की मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है।रायगढ़ विधायक व छत्तीसगढ़ सरकार में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, लोकसभा चुनाव के प्रभारी लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, लोकसभा चुनाव संयोजक श्रीमती गोमती साय, सहसंयोजक रायगढ़ के पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, सह समन्वयक वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधर गुप्ता, जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल के आतिथ्य में आज का सम्मेलन आयोजित हुआ। रायगढ़ विधानसभा के लिए आयोजित इस सम्मेलन के प्रभारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरुपाल सिंह भल्ला के अथक मेहनत से आज का कार्यक्रम पूरी तरह से सफ्ल रहा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए ओपी चौधरी जी ने कहा की दशकों से पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को मैं प्रणाम करता हूं आप लोगों के अथक मेहनत का ही परिणाम है जो आज प्रदेश एवं देश में भाजपा की सरकार है। यह मोदी युग की राजनीति का दौर है जहां जनता को जनार्दन मानकर सेवा भाव से सरकार चलाई जाती है। मैं आप देव तुल्य कार्यकर्ताओं का हमेशा ऋ्रणी रहूंगा आप लोगों ने जो दोनों हाथो से मुझे आशीर्वाद दिया है उसका ऋ्रण चुका पाना मेरे लिए इस जन्म में संभव ही नहीं है ना ही मैं इस ऋ्रण से उद्रीण होना चाहता हूं, लोकतंत्र का असल मालिक जनता जनार्दन होती है, उन्हीं के सेवा भाव के साथ हमारी सरकार काम कर रही है।तीन महीनो के प्रदेश सरकार के कार्यकाल में हमने हमारे उदार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में मोदी गारंटी के तहत जितने बड़े वादे किए थे इन तीन महीनो के अल्प काल में ही पूरे किए है मैं आज आप कार्यकर्ताओं के समक्ष इस



सरकार के तीन महीने का लेखा जोखा रखने आया हूंएहमने चुनाव के पुर्व प्रदेश वासियों से वादा किया था की 18 लाख गरीब परिवारों के आवास के फाइल पर दस्तखत करके ही हमारा मुख्यमंत्री अपने आवास पा जाएगा वादे के अनुरूप ही हमने ऐसा किया है। जिसके साक्षी आप लोगों के साथ ही पूरे प्रदेश वासी है। 2 वर्ष के बकाया बोनस का भुगतान भी हमारी सरकार के द्वारा 25 दिसंबर को किया जा चुका है, महतारी वंदन योजना के तहत हमने 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में 10 मार्च को ही एक एक हजार जमा करा दिए गए है, अप्रैल माह का भुगतान भी 3 अप्रैल तक कर दिया जाएगा। हमने अपने प्रदेश के युवाओं से वादा किया था की पी एच सी में हुए भ्रष्टाचार की जांच हमारी सरकार कराएगी, सरकार बनते ही हमने सी बी आई जांच के लिए मार्ग प्रशस्त कर दिया है।इन तीन महीनो में हमने कई पंचायतों के विकास कार्यो के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत किए हैएजो पूरे पारदर्शी तरीके से किया गया है जिसमे एक रुपए की भ्रष्टाचार नहीं हुआ है और मैंने शपथ ली है की एक रुपए का भी भ्रटाचार होने नही दूंगा यदि मेरे नाम से कोई एक रुपए का भी भ्रष्टाचार करता है तो आप लोग उन्हें जूते की माला तुरंत पहनाओं। तीन माह में हमने डेढ़ करोड़ की



स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत की है जो सीधे खाते में ट्रांसफर किया गया है महाविद्यालय में पढ़ने वालों बच्चों को अपनी शिक्षा आगे चालू रखने में यह अहम साबित होगा।हम सभी के लिए यह गौरव का विषय है की हमारे देश के प्रधानमंत्री जिनके समय का पल.पलए जिनके शरीर का कण.कण देश के लिए समर्पित हैए ऐसे विशाल हृदय के हमारे प्रधानमंत्री है।लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को विजयी माला पहनाते हुए ओपी चौधरी ने कहा की लोकतंत्र में राजा का बेटा राजा नही बनताए जो लायक होता है वही राजा बनाता है।एक ओर हमारे प्रत्याशी है जो विगत 20 वर्षो से जनता का प्रतिनिधि बनकर जनता को सेवा में समर्पित है दूसरी तरफ राज परिवार अब फैसला जनता को करना है की उनके लिए कौन श्रेष्ठ है।सांसद प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने कहा की आज मैं आप लोगों से आशीर्वाद मांगने आया हूं, यह हम सभी का सौभाग्य होगा की राष्ट्र सेवा में समर्पित मोदी जी के सरकार में हमे प्रतिनिधत्व का मौका मिलेगाए मैं आपका बेटा आपका भाई हूंए संसदीय क्षेत्र बहुत बड़ा है चुनाव तक हर गांव पहुंच पाना संभव नहीं हैए इसीलिए मैं आप लोगों से आग्रह करता हूं की आप स्वयं को राधेश्याम समझकर इस चुनाव में कार्य करेंए मैं सदैव आप लोगों की सेवा में समर्पित रहूंगा।लोकसभा चुनाव प्रभारी लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा की यहां के कार्यकर्ताओं की ऊर्जा देखकर यह बात सिद्ध हो गई है की यह विधानसभा इस चुनाव में अब तक जीत के सारे रिकार्ड तोड़ने वाली हैए मैं स्वयं को भाग्यशाली समझता हूं की मुझे आप जैसे सक्रिय कार्यकर्ताओं के बीच आने का मौका मिला है।संगठन सबको अवसर देती है इस बार संगठन ने राधेश्याम को अवसर दिया है, मैं आप सभी से आग्रह करता हूं की आप सभी अपने को प्रत्याशी मानकर अपने अपने क्षेत्रों में चुनाव के लिए लग जाएए हर मतदान केंद्र में हम यदि 100 से 150 वोट बढ़ा लिए तो हमारा लक्ष्य हमे प्राप्त हो जाएगा। लोकसभा चुनाव सहसंयोजक पूर्व सांसद वर्तमान में पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय ने कहा की यह देवतुल्य कार्यकर्ताओं का सम्मेलन हैएभाजपा में समय समय पर व्यवस्था अनुकूल दायित्व बदलते रहता हैएपर हम सभी का कार्य करने का आधार एक ही है हम सभी सेवा भाव को आधार मानकर कार्य करते आए है।चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार होता है और भाजपा कार्यकर्ता सदैव चुनाव के लिए तैयार रहता है। लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक रायगढ़ के पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने जय जय श्री राम के उद्घोष के साथ अपने भाषण की शुरुवात कीएउत्कल दिवस की सभी को शुभकामना देते हुए श्री अग्रवाल ने कहा की चुनाव को अब केवल 36 दिन शेष हैए ऐसे में मेरा सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह है की पार्टी का जो भी कार्यक्रम आपके पास पहुंचे उसे पूरे निष्ठा के साथ पूर्ण करें यही हमारा कार्यकर्ता धर्म है।अपने अपने मतदान केंद्र के कार्यकर्ता एवं नेता आप ही है आपके प्रयासों से ही चुनाव में हमारे अनुकूल परिणाम आने वाले है, इसीलिए मेरा शक्तिकेंद्र स्तर के नेताओं से आग्रह है की वो मतदान केंद्रों की नियमित बैठक लेते रहें।आप सभी के प्रयासों से हम निश्चित ही अपने रायगढ़ विधानसभा में 1 लाख वोटों की लीड लेने वाले हैंएकार्यकर्ता इन तीन कामों को करने की ठान ले श्री राम का नामएमोदी जी के कामएएवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का गुणगान तो हमे इस लक्ष्य को साधने से कोई नहीं रोक सकताएकांग्रेस ने आदरणीया मेनका सिंह को प्रत्याशी बनाया है इनके प्रत्याशी बनाए जाने के बाद से ही यह बात स्पष्ट हो गई है की कांग्रेस के बड़े चेहरे मोदी लहर में चुनाव लडने से भयभीत है।मेनका सिंह जी को सार्वजनिक क्षेत्रों में कार्य करने का अनुभव ही नही है, उन्हें कोई जानता ही नहीं एइन्हें कांग्रेस ने मजबूरी में प्रत्याशी बनाया हैएजहां तक मेरा मानना है की वे कांग्रेस की बैठकों में भी आती जाती नही है ऐसे में उनके कार्यकर्ता उनको कितना स्वीकार कर पाएंगे।आज के सम्मेलन को सत्यानंद राठिया, उमेश अग्रवाल, गिरधर गुप्ता, अरुणधर दीवान, बृजेश गुप्ता एवं रत्थू गुप्ता ने भी संबोधित किया। सभी ने एक स्वर में अब की बार 400 पार जीतेंगे लोकसभा का संग्राम, राधेश्याम राधेश्याम। चप्पा चप्पा एक ही नाम राधेश्याम राधेश्याम के नारे को बुलंद किया। कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारे लगाए।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं दिग्गज पत्रकार के साथ सैकड़ों ने किया भाजपा प्रवेश- पुसौर क्षेत्र के सफेद गुप्ता जो पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रह चुके है कई वर्षो से कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में जिनकी पहचान होती रही वे आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ विधिवत भाजपा की सदस्यता ग्रहण करी। संघ परिवार से जुड़े स्वर्गीय जगदीश अग्रवाल के सुपुत्र गणेश अग्रवाल का नाम पत्रकार जगत में बड़े ही आदर के साथ लिया जाता है। गणेश अग्रवाल दो दशकों से पत्रकारिता के माध्यम से लेखन कार्य में जुड़े हुए है, राष्ट्रीय अखबार दैनिक जागरण, प्रादेशिक अखबार देशबंधु से जुड़कर ये बड़े लंबे समय तक कार्य कर चुके है, विगत एक वर्षो से यह भाजपा के लिए लिख रहे है एवं आज गरिमापूर्ण आयोजन में इन्हे भाजपा की सदस्यता दिलाई गई।

# स्वस्थ परम्परा अपनाते हुए स्वस्थ लोकतंत्र निर्माण में बने सहभागी : कलेक्टर

- सवा लाख महिलाएं भेजेंगी मतदान शपथ पोस्ट कार्ड
- गर्भवती महिलाओं ने लिया मतदान करने व मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प
- स्कूली बच्चों ने नाटिका के माध्यम से बताया एक वोट का महत्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 2 अप्रैल।** आगामी लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान के लिए स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को सिमगा स्थित सांस्कृतिक भवन में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं को स्वयं मतदान करने व मतदान करने के लिए प्रेरित करने शपथ दिलाई। इसके साथ ही उन्होंने जिले से सवा लाख महिलाओ द्वारा मतदाता शपथ पोस्टकार्ड निर्वाचन आयोग भेजने हेतु महिलाओं से अपील की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान हर मतदाता का अधिकार है और मतदान करना पहला दायित्व। बिना किसी प्रभाव व प्रलोभन के निष्पक्ष होकर स्व विवेक से मतदान करें। स्वस्थ परम्परा अपनाते हुए स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि यहां उपस्थित गर्भवती महिलाओं ने मतदान करने का संकल्प लिया है। यदि गर्भवती महिलाएं मतदान करने जा सकती है तो सामान्य व्यक्ति मतदान के लिए पीछे नही हो सकते। उन्होंने कहा कि हर विकासखण्ड से 25- 25 हजार महिलाएं मतदान शपथ पोस्टकार्ड लिख कर जिला कार्यालय में भेजे जिसे निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा।कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा नाटिका के माध्यम से अच्छे जनप्रतिधि का चुनाव तथा एक वोट के महत्व को आकर्षक ढंग से बताया गया।

इसके साथ ही कलेक्टर ने सिमगा स्थित शक्ति कान्वेंट स्कूल में स्वीप के तहत आयोजित कार्यक्रम में स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों द्वारा रंगोली एवं वाद विवाद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।इस अवसर पर मतदान शपथ भी लिया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, एसडीएम अंशुल वर्मा, तहसीलदार अनिरुध्द मिश्रा, जनपद सीईओ अमित दुबे डीईओ हिमांशु भारतीय सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## मनरेगा मजदूरों ने कार्यस्थल में शपथ लेकर शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को किया प्रेरित



**बलौदाबाजार 2 अप्रैल।** कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत आज जिले भर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 85 हजार मनरेगा मजदूरों द्वारा कार्यस्थल में ही शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ लेकर आम लोगो को मतदान करने के लिए जागरूक किया। जिसके तहत जनपद पंचायत बलौदाबाजार 22 हजार, भाटापारा 8 हजार 8 सौ, कसडोल 18 हजार, पलारी 14हजार 2सौ एवं सिमगा जनपद के 11 हजार मजदूर शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, मजदूर, ग्रामीण, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव सहित, तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। गौरतलब है की स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान में तेजी लाई गई है। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का अयोजन किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक मतदान का प्रतिशत जिले में बढ़ सके।

### एक नजर

## बीज व कृषि विकास निगम का जिला कार्यालय स्थानांतरित

**बलौदाबाजार 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार के वैष्णव कॉलोनी में संचालित छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड का जिला कार्यालय स्थानान्तरित हो गया है। अब यह कार्यालय पलारी विकासखण्ड के ग्राम छेरकापुर में नवनिर्मित नवीन बीज प्रक्रिया केंद्र में संचालित हो रहा है। अब शासकीय एवं अर्धशासकीय पत्र व्यवहार हेतु पता कार्यालय जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड, ग्राम छेरकापुर, विकासखण्ड पलारी, जिला- बलौदाबाजार भाटापारा होगा।


## 32 पाव देशी मदिरा शराब सहित कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के परिपालन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी शशांक सिंह के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 1 अप्रैल को थाना पलारी से सहायक उप निरीक्षक संजीव सिंह प्रधान आरक्षक रोहित सिंह आरक्षक त्रिलोकी बघेल विष्णु खटकर की पुलिस टीम द्वारा बालसमुंद तालाब के पास पलारी में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 3520 कीमत मूल्य का 32 पाव देशी मदिरा शराब कुल 5.76 बल्क लीटर शराब परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरशायकल जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध क्र. 208/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### निधन

## चैतराम वर्मा



**तिल्दा-नेवरा, 2 अप्रैल।** दिलीप वर्मा (पत्रकार) के पिता चैत राम वर्मा उम्र 95 वर्ष का आज सुबह निधन हो गया। वे डा रेखराम वर्मा, नरेंद्र वर्मा के पिता एवं डा घनश्याम वर्मा, सुभाष वर्मा के दादा थे। जिसका अंतिम संस्कार आज सुबह 11 बजे पुरानी बस्ती तिल्दा के मुक्तिधाम में किया गया जिसमे नगर के गणमान्य नागरिक पत्रकार सहित अनेक लोग शामिल हुए।

# लोस प्रत्याशी अग्रवाल और पूर्व सांसद सुनील सोनी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 2 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा तिल्दा नेवरा नगर एवं ग्रामीण मंडल की बैठक में कैबिनेट मंत्री व रायपुर लोकसभा सांसद प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर सांसद सुनील सोनी आरंग विधायक रुद्र गुरू तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह, पूर्व विधायक प्रमोद कुमार शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु डहरिया, जिला अध्यक्ष श्याम नारंग बैठक में शामिल हुआ। बैठक में उपस्थित विशाल जनसमूह ने फिर एक बार मोदी सरकार के जयघोष के साथ रायपुर लोकसभा क्षेत्र से विकास का कमल खिलाने का संकल्प लिया।

बैठक में सैकड़ों की संख्या में भाजपा प्रवेश करने वाले सभी नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं का आत्मीय स्वागत कर अभिनंदन किया। बैठक में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी ने छुरा में किया जनसंपर्क

**छुरा, 2 अप्रैल।** 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के कार्यकर्ताओ ओर आमजनों में उत्साह नजर आ रहा है। आज जन जन की एक ही आवाज है फिर एक बार मोदी सरकार। जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की लोकप्रिय प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी ने गरियाबंद जिले के छुरा नगर में जनसंपर्क किया।आम जनों और भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर भाजपा को जिताने की अपील की।इस दौरान सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला अध्यक्ष राजेश साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी नगर पंचायत उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव, सरपंच टीके लाल साहू बसना, वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा कार्यकर्ता नरेन्द्र तिवारी, तुषार तिवारी (अधिवक्ता) विधी प्रकोष्ठ, ईमरान खान चिरंजीव देवागंन, शुजल कोठारी युवा मोर्चा सहित सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## झगरहा बस्ती में 7.50 लाख की पांच भैंसों की चोरी

**कोरबा 2 अप्रैल।** जिले के झगरहा बस्ती में निवासरत एक किसान की पांच भैंस की चोरी कर अज्ञात चोर ने कर ली। भैंस की कीमत 7.50 लाख बताई जा रही है। मामले की रिपोर्ट सिविल लाइन पुलिस थाना में दर्ज कराई है। साथ ही पुलिस अधीक्षक को भी लिखित में जानकारी दी गई है। मवेशी मालिक शिवकली यादव ने बताया कि दो दिनों पहले रोज की तरह सुबह उसकी 20 भैंस चारा खाने के लिए घर से निकली थी। शाम को 15 भैंस घर वापस आ गई, पर पांच भैस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद पता नहीं चल सका। पशुपालन का काम कर रही शिवकली ने इस मामले में किसी पर संदेह नहीं जताया है लेकिन उसका कहना है कि इस काम में चोर गिरोह की भूमिका हो सकती है। शिवकली को शक है कि कहीं ना कहीं भैंस मवेशी तस्करों के हाथ लग गई है और तस्कर जिले से कहीं बाहर ले गए हैं। उसका कहना है कि पुलिस इस ओर ध्यान देते हुए मवेशी को जल्दी ढूंढें।



## चारामा से 23 बच्चों का नवोदय विद्यालय में व 103 बच्चों का राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्य परीक्षा में चयन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा, 2 अप्रैल।** जवाहर नवोदय विद्यालय करप के लिए विकासखंड चारामा से इस सत्र में 23 छात्र छात्राओं का चयन हुआ हैं। प्रतिवर्ष की भांति यह शिक्षा सत्र विकास खंड चारामा के शिक्षा विभाग के लिए उपलब्धि भरा रहा है। राष्ट्रीय सह-साधन प्रावीण्य परीक्षा में चारामा विकास खंड से 103 छात्र छात्राओं ने सफलता अर्जित किये हैं, जिन्हें कक्षा नवमी से बारहवीं तक प्रतिमाह 1000/- की छात्रवृत्ति मिलता हैं। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा और राष्ट्रीय सह-साधन प्रावीण्य परीक्षा की तैयारी खंड शिक्षाधिकारी के निर्देशन, संकुल प्राचार्यों और संकुल समन्वयकों के मार्गदर्शन में सभी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा कराया जाता है। संकुल स्तर पर साप्ताहिक निःशुल्क कोचिंग भी दिया गया हैं। इसमें पालकों का विशेष सहयोग रहता हैं तथा अब चारामा ब्लाक के पालकगण स्वयं आगे आकर अपने बच्चों की तैयारियों का आंकलन और अवलोकन करते हैं। केशव राम साहू खंड शिक्षाधिकारी, भावना ठाकुर सहायक खंड शिक्षाधिकारी, जौहर ठाकुर प्रधान पाठक माध्यमिक शाला चिनौरी, राम कमल सुकदेवे खंड स्त्रोत समन्वयक ने सभी संकुल प्राचार्यों, समस्त संकुल समन्वयकों, प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान पाठकों, शिक्षक शिक्षिकाओं और समस्त अभिभावकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए सभी चयनित बच्चों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### समाचार संक्षेप

## झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर लाखों की वसूली, आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र. 250/2024 धारा 384, 389, 34 भादवि के प्रकरण की जांच में पीड़ित पक्ष के लोगों से विस्तृत पूछताछ की गई है, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि मुख्य सरगना मोंटी उर्फ़प्रत्यूष मरैया, दुर्गा टंडन, शिरीष पांडे, महान मिश्रा व अन्य आरोपियों द्वारा महिलाओं को पीड़ितों के घर में भेजा जाता था तथा उसके पश्चात पीड़ितों द्वारा बिना कोई अपराध किये, उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर, दबावपूर्वक, अपराधिक षड्यंत्र करते हुए, मोटी रकम उगाही की जाती थी। ऐसे मामले संज्ञान में आने पर जांच तस्दीक़ कर अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अपराध से संबंधित सुसंगत साक्ष्य के संकलन के लिए विधि द्वारा विहित प्रावधान के परिपालन में सर्च वारंट जारी कर संदेहियों के निवास एवं अन्य ठिकानों में सर्च अभियान जारी किया जा रहा है। प्रकरण के मुख्य सरगना दुर्गा टंडन, मोंटी उर्फ़प्रत्युष मरैया, शिरीष पांडे अभी फ़रार है। दुर्गा टंडन के घर को सील कर पुलिस बल लगा दिया गया है। प्रकरण के सरग़ना की पता तलाश के लिए पुलिस की 5 स्पेशल टीम का बनाकर लगातार पतासाजी किया जा रहा है। अभी तक की जांच विवेचना कार्यवाही में आरोपियों द्वारा 02 पीड़ितों से भयादोहन कर लगभग 25 लाख रुपए की वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। कार्यवाही में 1 अप्रैल को आरोपी महान मिश्रा पिता त्रियुगी नारायण मिश्रा उम्र 38 साल निवासी मंगलम कॉलोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। ऐसे प्रकरणों में अन्य पीड़ित, जिनको डराकर, धमकाकर, पैसा वसूली की गई है, वह भी थाना सिटी कोतवाली आकर, अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

## भयादोहन : आरटीआई कार्यकर्ता मनीष राठौर गिरफ्तार

**कोरबा 2 अप्रेल।** राखड़ व रेत के कारोबार से जुड़े एस अहमद खान को डरा-धमका कर भयादोहन करने के मामले में पुलिस ने आरटीआई कार्यकर्ता मनीष राठौर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके विरुद्ध पूर्व में भी भयादोहन के दो मामले पंजीबद्ध है जिनमें वह अग्रिम जमानत पर चल रहा था। तीसरे मामले में उसकी गिरफ्तारी हुई है। जानकारी के मुताबिक ग्राम खरमोरा निवासी एस अहमद खान ने सिविल लाइन रामपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि



आरटीआई कार्यकर्ता मनीष राठौर के द्वारा उसे बुलाकर धमकी दिया गया कि मैं तुम्हारा काम रुकवा दूंगा, झूठे प्रकरण बनवा कर फंसा कर तुम्हें व तुम्हारे परिवार की जिंदगी बर्बाद कर दूंगा। मनीष राठौर ने ट्रक से दुर्घटना करवा कर मरवा देने की भी धमकी दी थी। डराने-धमकाने के कारण पिछले 6 महीने से 20-20 हजार रूपए हर महीने आईटीआई चैक स्थित होटल में बुलाकर पीडित के द्वारा मनीष राठौर को दिया जा रहा था और उसके द्वारा 2 लाख रूपए प्रतिमाह देने की मांग की जाने लगी। रूपए नहीं देने पर बर्बाद करने की धमकी देने लगा। पीडित ने इसकी रिपोर्ट 9 मार्च 2024 को सिविल लाइन थाना में दर्ज कराया था, जिस पर मनीष राठौर के विरुद्ध धारा 384, 386 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। इस मामले में मनीष राठौर को आज सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई जारी है।

## ओव्हरस्पीड वाहन चलाने वाले 41 लोगों पर हुई कार्रवाई

**कोरबा, 2 अप्रैल।** जिले के पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया गया। इसी कड़ी में थाना चौकी एवं यातायात के द्वारा ओवर स्पीड गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। जिस पर जिले के सभी थाना/चौकी एवं यातायात के




द्वारा ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही किया गया है। बता दें कि कोरबा पुलिस के द्वारा अलग-अलग जगह पर ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही करते हुए 2 दिन में 41 प्रकरणों में लगभग कुल 47000 रुपए वसूले के साथ-साथ उनका लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी किया जा रहा है। ज्ञात हो कि इस साल आज दिनांक तक कुल 99 लोगों पर ओवर स्पीड वाहन चलाने पर कार्यवाही की गई है जिसमें 123000 रुपए का समन शुल्क जमा कराया गया है। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान को चलाया गया, अभियान के तहत वाहनों को चेक किया गया और उन्हें समझाया गया कि ओवर स्पीड वाहन ना चलाएं ना ही शराब पीकर वाहन चलाऐ और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे। पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी किया जा रहा है। पुलिस टीम के द्वारा आगे भी ओवर स्पीड से वाहन चलाने वालों पर पूर्णतः लगाम लगाने के लिए आगे भी कार्यवाही की जावेगी।

### पुलिस कार्यालय में विदाई कार्यक्रम

# सेवानिवृत्त उप निरीक्षक साहू एवं प्रधान आरक्षक ध्रुव का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 2 अप्रैल।** 1 अप्रैल को पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में सेवानिवृत्त उप निरीक्षक रामाधार साहू एवं प्रधान आरक्षक देवनारायण ध्रुव का विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रामाधार साहू पुलिस विभाग मे 14 अक्टूबर 1981 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। तत्पश्चात 29 अगस्त 2023 को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। पूर्व में वे जिला रायपुर के कई थानों में पदस्थ रहे हैं तथा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में थाना सुहेला, कसडोल, सिमगा, सिटी कोतवाली, रक्षित केंद्र तथा अभी वर्तमान में थाना गिधौरी में पदस्थ होकर कार्यरत थे। रामाधार साहू 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त हुए हैं।

देवनारायण ध्रुव पुलिस विभाग मे 20 मई 1984 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। तत्पश्चात 20 दिसम्बर 2011 को प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। पूर्व में वे जिला बिलासपुर, जांजगीर के कई थानों में पदस्थ रहे हैं तथा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में थाना राजादेवरी तथा अभी वर्तमान में रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में पदस्थ होकर कार्यरत थे। देवनारायण ध्रुव 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त हुए हैं।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा सेवानिवृत्त उप निरीक्षक रामाधार साहू एवं प्रधान आरक्षक देवनारायण ध्रुव के उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनका विभाग के प्रति किए गए उल्लेखनीय कार्यो की प्रशंसा किया गया तथा इन्हे शाल एवं श्रीफल से सम्मानित कर पुलिस विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह तथा उपहार भेंट किया गया। विदाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक प्रणाली वैद्य, उप निरीक्षक(एम) पवन बंदे, सउनि अश्विनी पडवार, सउनि (एम) मनीष चौबे, सुषमा कौशिक, अश्वनी विशाल, चंद्रिका साहू सहित पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

## सेवा अवधि पूर्ण करने पर लाइनमैन का सहकर्मियों ने किया सम्मान



**सिमगा, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा उपकेन्द्र के लाईनमेन 36 वर्ष 4 माह 10 दिन का अपना कार्यकाल पूर्ण करने पर उनके सहकर्मीयों ने बिदाई दी। सिमगा विद्युत विभाग वितरण केन्द्र के अंतर्गत झिरिया मुख्यालय में पदस्थ लाईनमेन बंशी साहू अपने शानदार 36 वर्ष 4 माह 10 दिन का कार्यकाल विद्युत विभाग को समर्पित कर 31 मार्च को सेवानृवित्त हुये साहू की पहली पोस्टिंग बलौदाबाजार निर्माण संभाग में हुआ था। अपने नौकरी के कार्यकाल में काफी उतार-चढ़ाव को देखत हुये कार्य को अच्छे से अंजाम देते हुए बंशी साहू क्षेत्र में काफी लोकप्रिय कर्मचारी रहें। उनके बिदाई सामारोह कार्यक्रम में ए.ई. वी.के. साहू एवं जे.ई. सौरभ देवांगन ने कहा कि बंशी साहू जी का साथ हमें अच्छा मिला हम सब कर्मचारी मिलकर उन्हें उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुये उन्हें सहसम्मान से हम आज उन्हें बिदा कर रहे है। लेकिन हमें बंशी साहू का साथ हमेशा मिलते रहे। साहू को उनके कर्मचारियों ने साल श्रीफल मोमेंटो देकर ढोल, तासों आतिस बाजी के साथ उनके निवास स्थान ब्राम्हण कॉलोनी तक छोड़ने आये। इस तारतम्य में विशेष रूप से गजेन्द्र वर्मा, राकेश देवांगन, कांशी बाई, यशवंत निवास, निकेश साहू पामेश साहू, ईश्वर देवांगन, दिलीप निषाद, सोहन साहू, नारायण साहू, चेतन टण्डन, किशोर बघेल, विनोद साहू, टेकराम साहू, मोती पटेल, चंद्रीका साहू, तुला साहू, खिलेश वर्मा, सुंदर निषाद, तिलक निषाद, गिरिवर साहू, हरिराम देवांगन, गोवर्धन चौहान, मनोज शर्मा एवं विद्युत विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारीगण एवं हितैशी प्रेमियों ने उन्हें शुभकामनाओं के साथ उनके निवास स्थान तक पहुंचाया।

## एक नजर

### सोल्लास मनाई रंग पंचमी



**रायपुर 2 अप्रैल।** विप्र शक्ति महिला मंडल द्वारा दिनांक 30 मार्च को रंगारंग रंग पंचमी का आयोजन किया गया। जिसमें शक्ति महिला मंडल के सभी पदाधिकारी एवं सभी महिला सदस्य उपस्थित थे। फूलों की होली फाग गीत के साथ नृत्य, विभिन्न प्रकार के खेल आदि होली मिलन के मुख्य आकर्षण थे। शक्ति महिला मंडल के अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला जी ने बताया कि इस प्रकार का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। रंग पंचमी के कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से.. कुसुम शर्मा,विभा तिवारी रत्ना तिवारी,रत्ना मिश्रा सुनीता दुबे,प्रभा शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शाजिन्ता शुक्ला ने किया। बुरा ना मानो होली है खेल में प्रथम पुरस्कार श्रीमती ,विजयलक्ष्मी शर्मा द्वितीय पुरस्कार श्रीमती..सुनीता मिश्रा.., एवं तृतीय पुरस्कार श्रीमती सरिता शर्मा ने अर्जित किया। शब्द बदलो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुषमा द्वितीय स्थान सुधा पांड तृतीय स्थान विजयलक्ष्मी मिश्रा ने अर्जित किया। महिला मंडल की सभी महिलाओं के व्यक्तित्व पर आधारित टाइटल का निर्माण मनोहारी था जिसे सभी ने सराहना की।

### शराब कोचिया को अदालत ने न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा

**रायपुर 2 अप्रैल।** मार्च माह के अंतिम दिन 32 पौव्वा अंग्रेजी शराब के साथ मंदिर हसौद थाना



अमला द्वारा गिरफ्तार किये गये मुनगेसर निवासी 25 वर्षीय अमृत वर्मा को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम वर्ग धारिणी राणा के न्यायालय ने न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है । मुखबिर की सूचना पर प्रधान आरक्षक अशोक वर्मा के साथ में गश्त पर निकले आरक्षक निहाली साहू ने ?आरक्षक प्रदीप चंद्रवंशी व दिनेश झा के? सहयोग से घेराबंदी कर मुनगेसर के नहर पार पर दोपहर समय आरोपी को दबोचा । एक प्लास्टिक बोरी में 32 पौव्वा शराब जब्त की । आबकारी अधिनियम की धारा 34 2 के गैरजमानतीय अपराध के आरोप में गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने की गुहार थाना अमला ने की थी । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देश व मंदिर हसौद थाना प्रभारी सचिन सिंह के अगुवाई में थाना क्षेत्र में शराब के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी है ।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 2 अप्रैल ।** सत्यम नगर कचना में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अशोक कुमार धीवर 59 वर्ष सत्यम नगर कचना का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमबी 0843 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### निधन

#### संजय शुक्ल



**रायपुर।** इंजीनियर संजय शुक्ल का गत दिनों हृदयाघात से निधन हो गया। वे रामकुमार शुक्ल, श्याम शुक्ल, अंजय शुक्ल के भाई थे। मारवाड़ी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया ।

# सी-विजिल खोलेगा सबकी पोल

## केवाईसी से अभ्यर्थी के अपराधों की जानकारी ले सकेंगे मतदाता

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 2 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव 2024 के चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद आचार संहिता लागू है। 18वीं लोकसभा के चुनाव में मतदाताओं की सहभागिता एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा रहा है। इसके तहत सी-विजिल सुविधा एवं केवाईसी के माध्यम से अनेक जानकारियां प्राप्त हो सकेंगी। सी-विजिल सबकी पोल खोलेगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार यदि कोई नागरिक राज्य में आचार संहिता के उल्लंघन की कोई घटना देखता है तो सी-विजिल एप का उपयोग करते हुए घटनास्थल की एक फोटो या दो मिनट की वीडियो- ऑडियो क्लिप बनाकर एप के माध्यम से शिकायत कर सकता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी स्वयं इन शिकायतों का निराकरण करेंगी। निर्धारित समय पर यदि इसका निराकरण नहीं किया गया तो शिकायत सीधे भारत निर्वाचन आयोग कार्यालय पहुंच जाएगी। पंजीकृत उपयोगकर्ता को शिकायत करने पर निराकरण के पश्चात इसकी सूचना दी जाएगी। यह मोबाइल एप आम नागरिकों के लिए एन्ड्रायड व आईओएस दोनों ऑपरेटिंग सिस्टम में उपलब्ध है। सामान्य मामलों में शिकायतों पर कार्रवाई 100 मिनट के भीतर पूरी कर शिकायतकर्ता को इसकी सूचना दी जाएगी। सुविधा नामक एप्लीकेशन में अभ्यर्थी रैली, सभा आदि की अनुमति के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार एलजीएसपी पोर्टल का उपयोग मतदाताओं द्वारा मतदाता परिचय प्राप्त न होना, आवेदन फार्म का निराकरण न होना, आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों को दर्ज करने के लिए किया जा सकता है। वोटर टर्नआउट एप का उपयोग मतदान दिवस को राज्य में विधानसभा व लोकसभा वार वोटर टर्नआउट (पुरुष, महिला एवं थर्डजेंडर) की संख्या सहित देखा जा सकेगा। वोटर सर्विस पोर्टल में अपना नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने, विलोपन, संशोधन हेतु आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की स्थिति में ई-एपिक कार्ड भी डाउनलोड कर सकते हैं। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए एक एप्लीकेशन बनाया गया है जिसे भी डाउनलोड किया जा सकता है। एप के माध्यम से दिव्यांगजन निर्वाचन नामावली में अपनी दिव्यांगता दर्ज कराने हेतु आवेदन कर सकेंगे। मतदान दिवस में व्हीलचेयर हेतु रिक्वेस्ट डाल सकेंगे। केवाईसी के माध्यम से अभ्यर्थियों के आपराधिक प्रवृत्ति की भी जानकारी दी जा सकती है। राज्य में 18 सौ से अधिक उड़नदस्ता दल बनाया गया है। यह दस्ता निरंतर नशीले पदार्थों एवं अन्य वस्तुओं की जब्ती कर रहा है। अभी तक करोड़ों रुपए मूल्य के नशीले पदार्थों, आभूषण एवं नकदी बरामद की जा चुकी है।

# काव्य गोष्ठी में पढ़ी गई एक से बढ़कर एक रचनाएं



**रायपुर 2 अप्रैल।** साहित्य सदन चौबे कॉलोनी में हिंदी साहित्य की महत्वपूर्ण संस्था राष्ट्रीय हिंदी साहित्य विकास संस्थान द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि संस्थान हिंदी भाषा और हिंदी भाषा साहित्य के निरंतर विकास के लिए सतत प्रयासरत है। राष्ट्रीय हिंदी साहित्य विकास संस्थान के सदस्य देश तथा विदेश में निरंतर भ्रमण कर हिंदी के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं।

काव्य गोष्ठी में छत्तीसगढ़ व देश के अनेक नामचीन कवियों ने काव्य पाठकर गोष्ठी को नई ऊंचाइयां प्रदान की।

लेखन में वर्ल्ड रिकॉर्ड से पुरस्कृत अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि और कार्यक्रम के संयोजक संजीव ठाकुर ने अपनी रचना से काव्य सरिता का आगाज किया- कैसी दोस्ती,कैसी दुश्मनी तुझसे, मैं तुझको ठीक से जानता भी नहीं।

वरिष्ठ कवि जे के नगर में अपनी रचनाओं से लोगों को गंभीर कर दिया- एक महिला का हाल देख शब्द नहीं कह पाया, फटे हाल बदहवास थी भारत माता पूछा माँ किसने यह हाल बनाया। वरिष्ठ कवि सुरेंद्र रावल और शीलकान्त पाठक ने भी अपनी अत्यंत गंभीर रचना सुनाकर गोष्ठी को सारगर्भित कर दिया, चंद्रकांत पांडे जी ने भी अपने पिता की स्मृति में वीर रस की भावपूर्ण रचना का पाठ किया। इस अवसर ऐश्वर्य राज ठाकुर श्रीमती भावना ठाकुर के साथ अनेक श्रोता एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

### प्रो सॉफ्ट प्रीमियर लीग तीन से

**रायपुर 2 अप्रैल।** पी.एस.पी.एल. प्रो सॉफ्ट बॉल से खेला जाने वाला छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा एवं विख्यात टूर्नामेंट है। प्रतियोगिता पूर्णतः पारिवारिक माहौल में आयोजित की जाती है। पी.एस.पी.एल. का आयोजन छत्तीसगढ कुलश्रेष्ठ महासभा द्वारा स्व. श्रीमती सरोज बाला कुलश्रेष्ठ की स्मृति में प्रतिवर्ष किया जाता है। आयोजन का तीसरा वर्ष है। प्रतियोगिता की ट्राफी का अनावरण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। प्रतियोगिता 3 अप्रैल से प्रारंभ होगी तथा लगभग 1 माह तक चलेगी। आयोजन डब्ल्यू.आर.एस. स्पोर्ट्स एरीना, किकेट ग्राउंड में किया जावेगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रु. 5 लाख एवं ट्राफी रखा गया है जो स्व. लक्ष्मण सिंह हरिनखेरे की स्मृति में प्रदत्त है, द्वितीय पुरस्कार रु. 2.50 लाख एवं ट्राफी स्व. अभय कुलश्रेष्ठ की स्मृति में तथा तृतीय पुरस्कार रु. 1 लाख एवं ट्राफी स्व. जीपी शिवहरे की समृति में प्रदत्त है। इसके अतिरिक्त अनेकों टीम एवं व्यक्तिगत पुरस्कार भी वितरित किये जाते है। संपूर्ण प्रतियोगिता का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल के माध्यम से किया जायेगा तथा लाइव स्कोरिंग मोबाइल एप किकहीरोज के माध्यम से होगा।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 2 अप्रैल ।** ग्राम सेंध में पुरानी रंजिश को लेकर चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मली जानकारी के अनुसार प्रार्थी करण कोसले 19 वर्ष ग्राम पलौद का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी ग्राम सेंध गया था, तभी आरोपी धर्मेन्द्र यादव अपने 3 अन्य साथियों के साथ आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### हाई प्रोफाइल नामांकन भरने का दिन

# चरणदास महंत और दीपक बैज ने कांग्रेसजनों का मनोबल बढ़ाया

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 2 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ राज्य में द्वितीय चरण के लिए आज हाईप्रोफाइल अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। राजनांदगांव से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा महासमुंद से पूर्व गृहमंत्री कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने अपना नामांकन पत्र भरा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में तीन अप्रैल को महासमुंद से भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी तथा 4 अप्रैल को संतोष पांडेय राजनांदगांव से नामांकन भरेंगे। कांग्रेस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा इसलिए यहां पर प्रत्याशियों द्वारा सघन जनसम्पर्क किया जा रहा है। भीषण गर्मी में प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार करने में काफी परेशानी हो रही है। इसलिए शाम होने के बाद प्रत्याशी प्रचार में निकल रहे हैं। द्वितीय चरण के तहत महासमुंद, कांकेर तथा राजनांदगांव के चुनाव होंगे। इसके लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल है। 26 अप्रैल को मतदान होगा। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत आज राजनांदगांव पहुंचे। यहां पर उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरा है। भूपेश बघेल यहां पर कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता इस समय भूपेश बघेल के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं जिन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। बस्तर लोकसभा में पार्टी की जीत के लिए राहुल गांधी अथवा अन्य बड़े नेता की चुनावी सभा कराए जाने पर विचार किया जा रहा है। कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची आ गई है।

**भाजपा में मुख्यमंत्री साय ने संभाली कमान :** भाजपा ने सभी 11 लोकसभा सीटों में जीत हासिल करने कमर कस ली है। मुख्यमंत्री को इसकी जिम्मेदारी हाईकमान ने सौंपी है। मुख्यमंत्री इस समय नईदिल्ली गए हुए हैं। तीन अप्रैल को महासमुंद प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी का नामांकन भरने के बाद 4 को कांकेर के भोजराज नाग तथा राजनांदगांव में संतोष पांडेय के नाम निर्देशन पत्र भरने के समय उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विशाल रैली निकाली जाएगी। रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल आज भाटापारा में चुनावी सभाएं ले रहे हैं।

**भाजपा व कांग्रेस का घोषणा पत्र शीघ्र:** कांग्रेस लोकसभा चुनाव में अपना घोषणा पत्र शीघ्र जारी करेगी। इस समिति में टीएस सिंहदेव को रखा गया है। अंबिकापुर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के अनुसार कांग्रेस अपना चुनावी घोषणा पत्र 8 अप्रैल को जारी करेगी। इसमें सभी वर्गों के लिए कुछ न कुछ होगा। भाजपा का भी घोषणा पत्र शीघ्र जारी किया जाएगा इसमें मोदी की गारंटी प्रमुख है।

# व्यापारियों ने की पुलिस अधीक्षक से मुलाकात



**रायपुर 2 अप्रैल।** लोक सभा चुनाव के मद्देनजर को देखते हुए छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं रायपुर सराफा एसोसिएशन का एक संयुक्त प्रतिनिघि मंडल ने रायपुर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर लोकसभा चुनाव के दौरान समस्त व्यापरियों को व्यापार के दौरान आने वाली समस्याओं से अवगत करायी। छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी एवं रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश भंसाली के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह से मुलाकात कर व्यापरियों को चुनाव के दौरान लेनदेन की प्रक्रिया में हो रही परेशानियों से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक ने सराफा व्यापारियों की समस्याओं को ध्यान से सुना और समस्या की गंभीरता से समझते हुए अपने अधिकारियों से समाधान निकालने को कहा। व्यापारियों से आवश्यक कागजात एवं परिचय पत्र साथ मे रखने की भी हिदायत दी। संतोष कुमार सिंह ने यथासम्भव सहयोग का आश्वासन दिया, उनका ये भी कहना था कि आचार संहिता लागू होने के कारण चुनाव आयोग के अधिकारियों के अनुसार ही हमे कार्यवाही करनी होती है इसलिए व्यापरियों से विशेष आग्रह अपने पूर्ण दस्तावेज साथ लेकर लेनदेन की प्रक्रिया को करे।

# मातृ भूमि और मातृ भाषा के लिए प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में विशेष भाव होना चाहिए




**रायपुर, 2 अप्रैल।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन आज प्रो. जे. एन पाण्डेय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान रायपुर में आयोजित 'उत्कल दिवस' समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि वर्ष 1936 में ओड़िशा को एक स्वतंत्र प्रदेश के रूप में मान्यता मिली थी। ओड़िशा का इतिहास और यहां की वीरगाथा पूरी दुनिया में अनूठी है। ओड़िशा की भाषा, संस्कृति और कला को आगे बढ़ाने के लिए अनेक विभूतियों ने अपना योगदान दिया है। श्री मधुसूदन दास, पंडित गोपबंधुदास, नीलकंठ दास, फकीर मोहन सेनापति जैसे विभूतियों के योगदान को आज भी ओडिशा और भारत याद करता है।

राज्यपाल ने भाषा के आधार पर ओडिशा राज्य के गठन में योगदान देने वाले श्री मधुसूदन दास का विशेष उल्लेख किया। राज्यपाल ने कहा कि मातृ भूमि और मातृ भाषा के लिए प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में विशेष भाव होना चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न समाज के लोगों को राज्यपाल ने सम्मानित किया। इसके पूर्व राज्यपाल श्री हरिचंदन ने ओड़िशा के प्रसिद्ध समाज सुधारक, स्वतंत्रता सेनानी और ओड़िशा राज्य के गठन में सक्रिय योगदान देने वाले विभूति श्री मधुसूदन दास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# राजीव लोचन फाउंडेशन का रंग पंचमी महोत्सव हास्य व्यंग्य तथा फूलों की होली के साथ मनाया



**रायपुर 2 अप्रैल।** राजीव लोचन फाउंडेशन ने कोटा स्थित कृष्णा सदन में रंग पंचमी को हास्य व्यंग्य, गीत- गजल तथा फूलों की होली के साथ मनाया । अध्यक्षता शिक्षाविद् नरेंद्र मिश्रा ने की। भगवान राजीव लोचन की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उपस्थित पदाधिकारियो को हर्बल गुलाल, टोपी तथा उपाधि वितरण के साथ स्वागत किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष ललित मिश्रा ने हास्य व्यंग्य के साथ स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। महासचिव संजय मिश्रा तथा अतुल मिश्रा ने कार्यक्रम की जानकारी दी। पदाधिकारियो को रवि प्रकाश शुक्ला, प्रमोद मिश्रा, विनोद मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, अरुण मिश्रा तथा अरविंद मिश्रा ने तुकबंदी के साथ उपाधि वितरण प्रस्तुत किया, जिससे माहौल में हंसी मजाक का अच्छा खासा वातावरण बन गया । अनूप मिश्रा, आलोक मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, अजय मिश्रा, विवेक मिश्रा, मुकेश मिश्रा ,आशीष मिश्रा तथा सुमित मिश्रा ने उपस्थित जनों को टोपी पहनाकर हर्बल गुलाल के साथ स्वागत किया । अंत में फूलों की होली के साथ फाग गीत की धुन में थिरकते पदाधिकारियो ने अच्छा खासा एंजॉय किया तथा अपने-अपने तरीके से हास परिहास के गीत, कविता व संस्मरण प्रस्तुत किया।

### सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाया रंग पंचमी महोत्सव

सर्व ब्राह्मण समाज महादेव घाट तथा अमलेश्वर परिक्षेत्र का रंग पंचमी महोत्सव हर्ष व उल्लास के साथ संपन्न हुआ । सर्वप्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा द्वारा भगवान परशुराम की तस्वीर की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अमलेश्वर



स्थित इस्कान सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मोहित शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा ग्रुप का फाग एवं भजन माला ,ढोल, तबला व नगाड़ा के साथ खूब धूम मचाया। उक्त अवसर पर उपस्थित जनों से पर्ची निकलवाया गया। पर्ची में लिखे अनुसार गीत, गजल, संस्मरण, कविता, जोक्स की प्रस्तुति ने खूब हास्य परिहास का वातावरण निर्मित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष ललित मिश्रा, परिक्षेत्र अध्यक्ष मोहित शर्मा, महिला मंच अध्यक्ष रत्ना शर्मा, गोपाल शर्मा, गणेश शर्मा, सुनील शर्मा, शिखा शर्मा, वीणा तिवारी, अंजनी तिवारी, नीतू शर्मा, कविता शर्मा, रश्मि दीवान, सोनिया शर्मा, शिवम शर्मा, रंजना तिवारी, रीता तिवारी, ममता पांडे, पुष्पा पांडे, ज्योति शर्मा, शशि पांडे, वैजयंती तिवारी सहित पदाधिकारी व सदस्य गण उपस्थित थे ।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26